दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
ताज़ा खबरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!
वर्ष: 17 | अंक 40 | सीकर, मंगलवार 07 अप्रैल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# असम में पिछले दशक में लाखों परिवारों तक बिजली पहुंचाई गई
# डबल इंजन सरकार ने हालात बदले : पीएम मोदी






नई दिल्ली

असम विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को होजाई में विशाल जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों का उत्साह और ऊर्जा यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि असम ने इस बार भी भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाने का मन बना लिया है।

### राज्य में हुए विकास कार्यों का किया उल्लेख

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत राज्य में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए की। उन्होंने कहा कि असम ने बीते वर्षों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य में कई नए बिजली संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे न केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### असम सरकार के प्रयासों को केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिला

उन्होंने कहा कि असम सरकार के प्रयासों को केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिला है, जिसके कारण आज कई क्षेत्रों में लोगों के बिजली बिल शून्य हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस राज्य में बिजली की उपलब्धता बेहतर होती है, वहां उद्योग स्वत: विकसित होने लगते हैं। आज असम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और बिजली के क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण बन चुका है। पिछले एक दशक में लाखों परिवारों तक बिजली पहुंचाई गई है, जिन्हें पहले वर्षों तक कनेक्शन का इंतजार करना पड़ता था। अब राज्य 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के बेहद करीब है।

### पीएम मोदी ने जनता के उत्साह की सराहना की

सभा के दौरान प्रधानमंत्री ने जनता के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि लोगों के दिलों में जो भावना है, वही भावना पूरे असम में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि होजाई, कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि राज्य की जनता विकास के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहती है। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम को विकास से वंचित रखा और राज्य को कई समस्याओं में उलझाए रखा।

### भाजपा की डबल इंजन सरकार ने राज्य की स्थिति को पूरी तरह बदल दिया

उन्होंने कहा कि उस समय असम बिजली के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर था और बार-बार बिजली संकट का सामना करता था, जबकि बिजली कंपनियां घाटे में चल रही थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है।प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ दो परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने में लगी हुई है। एक दिल्ली का और दूसरा असम का। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग कभी राज्य और देश का भला नहीं कर सकते।विकास, स्थिरता और





### बेहतर भविष्य के लिए भाजपा-एनडीए का समर्थन करने को कहा

**इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठियों के समर्थन का भी आरोप लगाया और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां कांग्रेस ने झूठे वादे किए और बाद में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ा दीं, जिससे आम जनता पर बोझ पड़ा। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे विकास, स्थिरता और बेहतर भविष्य के लिए भाजपा-एनडीए का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि असम का उवल भविष्य जनता के सही निर्णय पर निर्भर करता है और मौजूदा माहौल यह संकेत देता है कि राज्य एक बार फिर विकास के पथ को चुनने जा रहा है।**

## वसुंधरा बोलीं- राजनीतिक नियुक्तियां समर्पित कार्यकर्ताओं को मिले

### अवसरवादियों को नहीं; युवा तो हम हमेशा रहेंगे, यह दिल की बात है

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा- राजनीति में उतार चढ़ाव आते हैं। कई लोग ऐसे हैं, जो दल बदल लेते हैं, लेकिन दिल नहीं बदलते। मानसिकता वही रहती है। उन्होंने कहा- ऐसा भी होता है, जो दल बदल लेते हैं, वह दिल भी बदल लेते हैं। पार्टी में जैसे दूध में शक्कर मिलती है, वैसे मिल जाते हैं। लेकिन जो मूल विचारधारा के नेता, कार्यकर्ता हैं, उनको सम्मान मिलना चाहिए। हमको खतरा उनसे है, जो अपना खुद का सोचते हैं। पार्टी का क्या होगा, इसका नहीं सोचते हैं। जयपुर में बीजेपी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में सोमवार को वसुंधरा ने कहा- ऐसे तो कई हैं, जो इधर से उधर गए। उधर से इधर आए। फिर जीत गए। लेकिन नियुक्तियां उनको देनी चाहिए जो पार्टी के लिए समर्पित हैं। जो पार्टी के मूल कार्यकर्ता हैं। जिनमें संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण के भाव हों। जिन्होंने पार्टी के लिए संघर्ष किया है। जो पार्टी विचारधारा के हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को ही मौका मिले,अवसरवादियों को नहीं। उन्होंने कहा- पद के लिए काम मत करो। काम करोगे तो पद चला के आएगा। अटलजी, आडवाणी जी ने पार्टी की कमान मेरी मां विजय राजे सिंधिया को सौंपनी चाही, लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

**हम तो जवान हैं**-वसुंधरा ने जनसंघ के मुंबई अधिवेशन को याद करते हुए कहा कि उस समय हम सभी ने उसमें भाग लिया था। उस समय हम सब लोग यंग थे। तभी मंच से घनश्याम तिवाड़ी ने कुछ कहा। इस पर वसुंधरा ने कहा- युवा तो हम हमेशा रहेंगे, युवा तो दिल की बात है। उन्होंने घनश्याम तिवाड़ी से कहा- अब देखिए आपकी आवाज कितनी जोरदार है। हम तो जवान हैं।

## एसओजी ने एसआई भर्ती-2021 का फरार बदमाश पकड़ा

### डमी कैंडिडेट बैठाकर पास किया था एग्जाम, 15 लाख रुपए में तय किया था सौदा

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के फरार कैंडिडेट को गिरफ्तार किया। आरोपी ने डमी कैंडिडेट बैठाकर एसआई भर्ती परीक्षा पास की थी। एग्जाम पास करवाने के एवज में 15 लाख रुपए में सौदा तय किया था। एसओजी ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार किया, अब उससे पूछताछ की जा रही है। एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया- एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में वर्ष 2024 में एसओजी में स्नढ्ढक्रदर्ज की गई थी। जांच में सामने आया कि कैंडिडेट सियाराम मीना (32) पुत्र बाबूलाल मीना अलीगढ़ टोंक ने डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास की। डमी कैंडिडेट के तौर पर हनुमान प्रसाद मीना पुत्र ग्यारसी लाल मीना निवासी अलीगढ़ टोंक ने एग्जाम दिया था। इसके एवज में 15 लाख रुपए में सौदा हुआ था।

### अब तक 140 आरोपी गिरफ्तार

एसआई भर्ती-2021 की परीक्षा 13 सितंबर 2021 को हुई थी। दोनों परियों में हुई लिखित परीक्षा में डमी कैंडिडेट बैठे थे। इस कारण सियाराम मीना को हिंदी विषय में 200 में से 140.21 और सामान्य ज्ञान विषय में 200 में से 109 अंक मिलने से वह एग्जाम में पास हो गया। टोंक पुलिस ने लंबे समय से फरार आरोपी सियाराम मीना को पकड़ एसओजी के हवाले किया। एसओजी ने वांटेड सियाराम मीना को सोमवार दोपहर अरेस्ट किया। एसओजी की ओर से प्रकरण में अब तक 63 ट्रेनी एसआई, 6 चयनित एसआई सहित 140 आरोपी अरेस्ट किए जा चुके हैं।

## जूनियर-अकाउंटेंट भर्ती में ब्लूटूथ से नकल का फरार वांटेड गिरफ्तार

### आरपीएससी ने कर दिया था बैन, 11 साल से फरार आरोपी को एसओजी ने पकड़ा

जयपुर।

कनिष्ठ लेखाकार एवं राजस्व लेखाकार भर्ती-2015 परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल मामले में फरार वांटेड को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने अरेस्ट किया। भर्ती परीक्षा में संगठित गिरोह ने धांधली की थी। आरपीएससी की ओर से आरोपी को एग्जाम से बैन कर दिया गया था। एसओजी की ओर से फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया- एसओजी ने लंबे समय से फरार आरोपी नवल किशोर (40) निवासी मंडावरी दौसा को शनिवार को अरेस्ट किया। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से अगस्त-2015 में कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार के पदों की भर्ती निकाली गई थी। इस कॉम्पिटिशन एग्जाम में संगठित गिरोह ने बाड़मेर, जालोर, जोधपुर और अन्य स्थानों से मोबाइल नेटवर्क के जरिए कैंडिडेट्स को एग्जाम पास कराया था।

## केजरीवाल के किराए के वादे पर हाईकोर्ट ने आदेश पलटा

### कहा- मीडिया में दिया बयान लागू करवाने लायक नहीं; अब मौजूदा सरकार तय करे

नई दिल्ली।

दिल्ली हाईकोर्ट ने 2021 के एक सिंगल जज के आदेश को पलट दिया है। उस आदेश में कहा गया था कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गरीबों के किराए का भुगतान करने की घोषणा कानूनी तौर पर लागू करने लायक थी। जस्टिस सी हरि शंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की डिवीजन बेंच ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए बयान को कानूनी वादा नहीं माना जा सकता, जिसे अदालतें लागू करवा सकें। दरअसल, कोरोना लॉकडाउन के समय अरविंद केजरीवाल ने 29 मार्च 2020 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने मकान मालिकों से कहा कि वे गरीब और निर्धन किराएदारों से किराए न मांगें। इसके बाद 5 दिहाड़ी मजदूर कोर्ट पहुंचे। उन्होंने याचिका में दावा किया था कि केजरीवाल सरकार ने लॉकडाउन में किराया न दे पाने वालों का किराया भरने का वादा किया था।

## सैनी राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता कैम्प के लिए रवाना



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** डूण्डलोद पब्लिक स्कूल झुंझुनू की छात्रा छवि सैनी 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद बैडमिंटन 17 वर्ष छात्रा वर्ग कैम्प के लिए रवाना हुई है। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने बताया कि वह 7 एवं 8 अप्रैल 2026 को जोधपुर कैम्प में शामिल होगी तथा 14 अप्रैल 2026 को त्यागराज स्टेडियम दिल्ली के लिए रवाना होगी। जहाँ वह 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन 17 वर्ष छात्रा वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी जो की 16 से 22 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगी। संस्था सचिव बी.एल.रणवा, ऑवर ऑल इंचार्ज लीलावती एवं स्कूल स्टाफ ने छवि सैनी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा एवं देश की संस्कृति के प्रति समर्पित हैं : हर्षिनी

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू शहर मंडल भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर 2026 का भव्य दो दिवसीय आयोजन भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा की अगुवाई में संपन्न किया। इस शिविर का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कौशल, विचारधारा और नेतृत्व विकास के माध्यम से मजबूत बनाना है। उद्घाटन सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एकात्म मानववाद की विचारधारा पर प्रकाश डाला और पार्टी की प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों का उल्लेख किया। कुलहरी ने



कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया तथा संगठन विस्तार और जनसंपर्क पर जोर दिया। शिविर में विभिन्न सत्रों के माध्यम से जिले से प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु लगाए गए कार्यक्रम सह संयोजक राकेश शर्मा बगड़, जिला महामंत्री दिलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह शेखावत व सोशियल मीडिया जिला संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वक्ताओं ने भाजपा की रीति नीति एवं विचारधारा, सोशियल मीडिया का महत्व, चुनावी रणनीति और सामाजिक सेवा पर चर्चा की। आयोजन में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, नगर महामंत्री विजेंद्र हटवाल, ताराचंद सैनी, नगर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, विकास पुरोहित, महेंद्र सोनी मणिविहार, महावीर सोनी, विजय कुमार सैनी, नरेन्द्र शर्मा, सुनील सैनी, खलील सिलावट, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सावित्री सैनी, जगदीश गोस्वामी, राकेश सहल, अनिल जोशी, राहुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा शहर मण्डल कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## समाज कल्याण विभाग का वेरिफायर व दलाल 30 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं


**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की दौसा इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग में रिश्वतखोरी के मामले का खुलासा किया है। एसीबी टीम ने वेरिफायर रितेश कुमार शर्मा और उसके दलाल राजू नट को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी दौसा को एक परिवादी ने शिकायत दी थी कि समाज कल्याण विभाग में कार्यरत वेरिफायर रितेश कुमार शर्मा, दलाल राजू नट और एक अन्य सहयोगी बलवान गुर्जर उससे अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि जारी करने के बदले 70 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत के सत्यापन के दौरान यह सामने आया कि आरोपी पहले ही परिवादी से 10 हजार रुपए नकद और 30 हजार रुपए ऑनलाइन ले चुके थे तथा शेष राशि के लिए दबाव बना रहे थे। इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरविजन में दौसा इकाई ने ट्रैप की योजना बनाई। उप अधीक्षक पुलिस रविंद्र सिंह के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक रमेश चंद और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए दलाल राजू नट को परिवादी से 30 हजार रुपए





रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद मुख्य आरोपी रितेश कुमार शर्मा को उसके कार्यालय से डिटेन कर मौके पर लाया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं मामले में शामिल अन्य दलाल बलवान गुर्जर की तलाश जारी है।

## कोबरी-सार



# अंशिका गुप्ता ने जीता मिस ग्लैम राजस्थान 2026 का विनिंग टाइटल

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर के मानसरोवर स्थित अनंत महल रिसॉर्ट में ब्लैकरॉक मिस ग्लैम राजस्थान 2026 सीजन-1 के ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन किया गया। पहले ही सीजन में इस ब्यूटी पेजेंट ने बड़े मंच के रूप में अपनी पहचान बनाई, जहां टॉप-40 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने रैंप पर डिजाइनर कलेक्शन पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक पवन टांक और कीर्ति टांक ने बताया कि इस पेजेंट का आयोजन मिस इंडिया ग्लैम ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुई। विभिन्न चरणों के बाद चयनित टॉप-40 मॉडल्स ने ग्रैंड फिनाले में चार फैशन सीक्वेंस में अपनी प्रतिभा दिखाई। फैशन शो में वेस्टर्न आउटफिट्स का कलेक्शन वीरा लेबल बाय पीनल, डिजाइनर लहंगा कलेक्शन प्रीत कलेक्शन बाय ललित, साड़ी कलेक्शन रंगोली साड़ीज बाय संकल्प तथा बेला बीचवियर आउटफिट्स बाय ताहीर द्वारा प्रस्तुत किया गया। मॉडल्स का मेकओवर लैक्मे अकादमी लालकोठी ने किया, वहीं एसबीजे ज्वेलरी बाय बुलबुल अग्रवाल की आर्टिफिशियल ज्वेलरी ने रैंप की शोभा बढ़ाई। फिनाले में जूरी मेंबर के रूप में मिस इंडिया ग्लैम की विनर्स सौम्या गुप्ता, तन्नू सोलंकी, ख्वाहिश नायक, सौम्या शर्मा, ख्वाहिश सैनी, तमन्ना राव, हर्षिता वर्मा, नंदिनी परिहार, तमन्ना सारनानी, शीतल विश्वकर्मा, रिंकू चौधरी, हीना नामवानी और मुस्कान विजय मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जगदीश चंद्र उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथियों में सफारी होटल्स के ऑनर पवन गोयल, अनंत महल रिसॉर्ट के जीएम लोकेंद्र सिंह, ब्लैकरॉक ऑनर अमित सरीन और क्लब टेडी ऑनर अश्विन बेनीवाल शामिल रहे। प्रतियोगिता में अंशिका गुप्ता ने शिमस ग्लैम राजस्थान 2026 का खिताब अपने नाम किया। वहीं बुशरा खान को आइकन, हर्षिता पाण्डेय को टीन विनर और कामना राजपुरोहित को ब्रांड एम्बेसडर चुना गया। इन विजेताओं को इंडिया ग्लैम की ओर से स्कूटी प्रदान की गई। अन्य विजेताओं में सौम्या सक्सेना रूबीद्ध दीपाली भाटिया डायमंड, कविता सैनी एमरल्ड और पूनम चौधरी जयपुर शामिल रहीं। सात रनरअप के रूप में चेष्टा वर्मा, कीर्ति भार्गव, अनुष्का नारनोलिया, तन्नू रावत, रितु शर्मा, इशा भट्ट और विदिशा यादव का चयन हुआ। इसके अलावा पूजा टक्कर, दिव्या चौधरी, निकिता वैष्णव, पूनम चौधरी, करीना सरनानी, अनुष्का वर्मा और माही शर्मा को स्टार का खिताब दिया गया, जबकि अन्य 20 प्रतिभागियों को सब-टाइटल से सम्मानित किया गया। सभी टॉप-40 प्रतिभागियों को क्राउन, सैश, ट्रॉफी, कैश प्राइज सहित विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजकों के अनुसार यह पेजेंट अपने पहले ही सीजन में रिकॉर्ड एंट्री, भव्य आयोजन और सुरक्षित वातावरण के साथ राजस्थान का एक बड़ा मंच बनकर उभरा है।

## आज खिलाई जाएगी खून बढ़ने की दवा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जाएगा। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य लोगों को अनीमिया से मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खून की मात्रा की जांच की गई और खून बढ़ने दवा दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि मंगलवार को जिले में शक्ति दिवस मनाया जाएगा और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग कर शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सीरप पिलाई जाएगी। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षल चौधरी ने बताया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों, 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी बालिकाओं तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की जाएगी और आयरन की गोलियां दी जाएगी। इसके अलावा कक्षा पांच से 12वीं तक के विद्यार्थियों को राजकीय विद्यालयों में आयरन की गोली खिलाई जाएगी। छह से 59 माह तक बच्चे, पांच से नौ साल के बच्चे, 10 से 19 साल के किशोर-किशोर तथा 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती व धात्री महिलाओं को चिकित्सा संस्थानों पर भी आयरन फोलिक एसीड की गोलियां दी जाएगी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस 9 अप्रैल को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार 9 अप्रैल को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाती है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवीए सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी निःशुल्क करवा सके।

## भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के अटल जनसम्पर्क कार्यालय में भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सैनी की अध्यक्षता में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना अप्रैल 1980 में हुई थी। इस मौके पर महामंत्री संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, विकाश शर्मा, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, पार्वती देवी, सेवाराम गुप्ता, संदीप शर्मा, राकेश नांदवाला, राजेंद्र सौंकरिया, अशोक शर्मा, कविता सैनी, सज्जन अग्रवाल, रामस्वरूप जांगिड़ सज्जन जांगिड़, मनोहर जांगिड़, नरेश भार्गव, विरेन्द्र यादव, धर्मवीर चंदेलिया, अशोक यादव, हिमांशु गोत्तम, सुमित योगी, पुनीत बड़गुजर सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सड़क पर फैला नाले का गंदा पानी, आमजन परेशान



**रींगस (नवयत्न)।** सरगोठ ग्राम पंचायत के परसरामपुरा में गंदे पानी के नालों की सफाई नहीं होने से नाले का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। इसके चलते सड़क पर आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्राम पंचायत दो तीन दिन से नालों की सफाई करवाती है लेकिन हवा के दबाव से आये दिन नालों में प्लास्टिक की थैलिया जमा हो जाती है जिससे नाला अवरुद्ध हो जाता है। इसके चलते नाले का गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है। यही नाले की सफाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। पूनम कवर, मंजू, पार्वती, सुनीता, पंकज कवर ने बताया कि नाले की नियमित सफाई नहीं होने की वजह से आये दिन नाला गंदगी से अवरुद्ध हो जाता है जिसके चलते सड़कों पर गंदा पानी बहता रहता है। इससे आवागमन में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गंदे पानी की निकासी की लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रर्दशन कर सफाई की मांग की है। वहीं इस सम्बंध में ग्राम विकास अधिकारी सरगोठ चन्द्र प्रकाश ने बताया कि नालों की नियमित अन्तराल पर सफाई करवाई जाती है। सूचना पर नाले की सफाई व्यवस्था करवा दी गई है।

## अभ्यास-पुस्तिका वितरित



निसं

**साण्डवा (नवयत्न)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तालाब दिगोरिया में सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। संस्था प्रधान बाबूलाल गोदारा ने बताया कि कक्षा-8 में इस सत्र 7 विद्यार्थियों के ए ग्रेड तथा 14 विद्यार्थियों के बी ग्रेड, इसी प्रकार कक्षा-5 में 12 विद्यार्थियों के ए ग्रेड तथा 8 विद्यार्थियों के बी ग्रेड श्रेणी से शानदार परिणाम रहा। सुप्रीम फाउण्डेशन, जसवंतगढ़ द्वारा सत्र 2026-27 में अध्ययनरत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों हेतु अभ्यास-पुस्तिका वितरित की गई। विद्यालय परिवार द्वारा सुप्रीम फाउण्डेशन का आभार व्यक्त किया गया।

## जागृति सप्ताह का शुभारम्भ




निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में सोमवार को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र योजना अंतर्गत जागृति सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र द्वारा अम्बुजा फाउण्डेशन, कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान, चूरू में जागृति सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान सुपरवाईजर कृष्णा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी और बाल विवाह के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई। पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की परामर्शदाता सुमन चौधरी ने विभागीय योजनाओं एवं चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 की जानकारी दी। इस दौरान हवा सिंह, ट्रेनर प्रियंका प्रजापत, संजना भाम्बू, सुपरवाईजर प्रीति, पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र परामर्शदाता मन्जू, रोशनी एवं शारदा कंवर आदि मौजूद रहे।

## शहीद सहायक कमांडेंट बजरंग लाल मीणा का शहादत दिवस मनाया

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के लालगढ़ में सोमवार को सहायक कमांडेंट शहीद बजरंग लाल मीणा का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति कमांडेंट अनिल चौधरी थे, जबकि अध्यक्षता शहीद वीरांगना रूकमा देवी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद बजरंग लाल मीणा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमांडेंट अनिल चौधरी ने कहा कि देश की सेवा करने को लेकर अपने प्राणों का त्याग करने वाला हमेशा अमर रहता है। बजरंग लाल मीणा ने भी देश सेवा व अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर गांव का नाम रोशन किया है। इस देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धा हमारे लिए पूजनीय होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मांगलिक कार्य में उन्हें याद कर उचित धारणा के लिए प्रेरित करना चाहिए। झुंझुनू जिले के शौर्य की मिट्टी में जोश और साहस का प्रतीक माना जाता है। देश के लिए सबसे अधिक सैनिक देने का गौरव झुंझुनू के जिले के नाम से जाना जाता है। यहां के युवाओं को बचपन से ही सेना में जाने के लिए तैयार किया जाता है जो सरहद पर किसी प्रकार की हलचल होने पर बहादुरी का परिचय देते हैं। झुंझुनू जिले में सड़क किनारे लगी शहीदों की प्रतिमा युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यहां के युवा सड़क किनारे नियमित रूप से अभ्यास कर सेना में जाने की तैयारी भी करते देखे जा सकते हैं। युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे पढ़ना चाहिए। शहीद बजरंग लाल मीणा सीआरपीएफकी 62 वी बटालियन में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सहायक कमांडेंट के पद पर तैनात थे। इस दौरान 6 अप्रैल 2010 में नक्सलियों की सूचना पर उनके नेतृत्व में विशेष ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान ऑपरेशन में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बजरंग लाल मीणा नक्सलियों को मार गिराते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। कार्यक्रम में अतिथियों व ग्रामीणों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इस मौके पर मुकेश, सोनू, बेटी प्रिया छापोला, सुशीला, नरेश, ओमपाल, बलवीर छापोला, मखनलाल मीणा, बनवारीलाल, ओम प्रकाश मीणा, रोहिताश मीणा, किशनलाल मीणा, सुनील मीणा, रोशन मीणा, सतपाल मीणा, महिपाल मीणा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## अपील : मधुमक्खियों के आक्रमण जैसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए आमजन बरतें आवश्यक ऐहतियात, सुरक्षित रहें

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मधुमक्खियों के आक्रमण जैसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए आमजन से आवश्यक ऐहतियात बरतने की अपील की है। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा है कि हाल ही में जंगली मधुमक्खियों की गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है, जो मानव जीवन के लिए खतरा बन सकती है। इसलिए आमजन आवश्यक ऐहतियात बरतें और सुरक्षित रहें। डीएफओ भवानी सिंह ने बताया कि वन क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों में मधुमक्खियां (विशेषकर रॉक बी/एपिस डोर्साटा) अत्यधिक संवेदनशील और रक्षात्मक होती हैं। पेड़ों की ऊंचाई, चट्टानों, पानी के स्रोतों एवं इमारतों की छतों के पास मधुमक्खियों के छत्ते हो सकते हैं। गर्मी के मौसम में गतिविधि अधिक रहती है। छेड़छाड़ या तेज गतिविधि होने पर ये सामूहिक रूप से हमला कर सकती हैं। मधुमक्खियां शोर, कंपन और धुएं से अधिक आक्रामक हो जाती हैं।

### मधुमक्खियों से बचाव के लिए क्या करें

उन्होंने बताया कि यदि कहीं मधुमक्खियों का झुंड दिखाई दे तो उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा शांत गति से पीछे हटें, दौड़ें नहीं। सिर, चेहरा और आंखों को कपड़े/दुपट्टे से ढकें। शांत रहें और अचानक हरकतें करने से बचें। विशेषकर खेतों या खुले क्षेत्रों में जाते समय हल्के रंग के शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। वाहन चलाते समय छत्ता दिखे तो धीमी गति रखें, हॉर्न न बजाएं। मधुमक्खियों के हमले के दौरान किसी बंद स्थान में शरण लें। घर के आस-पास या कहीं पर मधुमक्खियों के छत्ते दिखने पर जिला प्रशासन या विशेषज्ञ को सूचित करें। बच्चों को ऐसे क्षेत्रों से दूर रखें जहां मधुमक्खियों का खतरा हो सकता है। ग्रामीण एवं किसान खेतों में काम करते समय छत्तों की पहले पहचान करें। ट्रैक्टर/हार्वेस्टर चलाते समय छत्तों से दूरी रखें। सामूहिक रूप से काम करें ताकि आपात स्थिति में सहायता मिल सके।

### क्या न करें

डीएफओ भवानी सिंह ने बताया कि कहीं पर भी मधुमक्खियों का छत्ता दिखाई देने पर छत्ते को छेड़ने या नष्ट करने की कोशिश न करें। किसी भी छत्ते से कम से कम 5 से 10 मीटर की सुरक्षित दूरी बनाए रखें। छत्ते के पास चिल्लाना, शोर मचाना या तेज संगीत बजाना, पत्थर मारना, धुआं करना या तेज आवाज करना खतरनाक हो सकता है। कहीं भी मधुमक्खियों के आक्रमण जैसी स्थितियां होने पर भागते समय हाथ-पैर न चलाएं, इससे मधुमक्खियां अधिक आक्रामक हो सकती हैं। छत्ते को पत्थर, डंडा, आग या धुएँ से छेड़ें नहीं। मधुमक्खी को कुचलें नहीं, एक मधुमक्खी को मारने पर उसमें से एक विशेष गंध (फेरोमोन) निकलती है, जो बाकी झुंड को हमले के लिए बुलाती है। इसी के साथ तेज परफ्यूम, डियोड्रेंट व खुशबूदार तेल आदि लगाकर न निकलें। मधुमक्खियां गंध के प्रति बहुत संवेदनशील होती हैं और इसे खतरे का संकेत मान सकती हैं। गहरे या बहुत भड़कीले व चमकीले रंगों के कपड़े पहनकर छत्ते के पास नहीं जाएं। गहरे रंगों को मधुमक्खियां अक्सर शिकारियों (जैसे भालू) का रंग समझकर हमला कर देती हैं। मधुमक्खियों को भगाने के लिए हाथ-पैर जोर से नहीं चलाएं। बिना प्रशिक्षण/अनुमति के छत्ता हटाने का प्रयास नहीं करें।

### हमले की स्थिति में

यदि मधुमक्खियां हमला करें, तो तुरंत किसी सुरक्षित स्थान में चले जाएं झाड़ियों आदि में न घुसें तथा सिर और चेहरे को कपड़े से ढकें। अपने चेहरे और गर्दन को अपनी शर्ट या हाथों से ढक लें क्योंकि मधुमक्खियां अक्सर आंखों और चेहरे पर वार करती हैं। इसी के साथ डंक लगने पर प्रभावित स्थान को साफ करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। ध्यान रखें कि मधुमक्खियों के हमले के दौरान पानी में कूदना सुरक्षित नहीं माना जाता। पानी में कूदना एक गलत धारणा है। मधुमक्खियां आपके बाहर आने तक पानी की सतह पर इंतजार कर सकती हैं।

डंक लगने पर डंक को हल्के से खुरचकर निकालें दबाएँ नहीं। प्रभावित स्थान को साबुन-पानी से साफकरें व बर्फ से सेक करें। यदि एलर्जी के लक्षण, सांस लेने में कठिनाई, चेहरे/गले में सूजन, चक्कर या बेहोशी आदि जैसे लक्षण हों तो तुरंत नजदीकी अस्पताल जाएं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है। आपकी जागरूकता और सतर्कता से ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इस जानकारी को अपने परिवार और आसपास के लोगों के साथ साझा करें।

### विशेष संदेश

मधुमक्खियां हमारे पर्यावरण का आधार हैं। हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन का एक बड़ा हिस्सा इनके द्वारा किए गए परागण पर निर्भर है। इनका बचाव ही मानवता का बचाव है।

## द एलेनाइट शोकेस 2026 में दिखी फैशन और नवाचार की चमक



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में सी स्कीम स्थित एलेन कॉलेज ऑफ डिजाइन में द एलेनाइट शोकेस 2026 का भव्य आयोजन शानदार अंदाज में किया गया। जिसमें रचनात्मकता, फैशन और नवाचार का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर कॉलेज के डायरेक्टर, फैकल्टी, अभिभावकों और बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिसमें डायरेक्टर राम यादव सहित सभी फैकल्टी मेंबर्स ने भाग लिया। इसके बाद मंच से कॉलेज की उपलब्धियों और विजन को साझा करते हुए बताया गया कि एलेन कॉलेज ऑफ डिजाइन, विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी से संबद्ध एक अग्रणी संस्थान है, जो फैशन और इंटीरियर डिजाइन के क्षेत्र में विद्यार्थियों को इंडस्ट्री-ओरिएंटेड शिक्षा प्रदान कर रहा है। इस भव्य शोकेस में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ अलग-अलग थीम आधारित सीक्वेंस प्रस्तुत किए। इन कलेक्शंस में टिंटेड क्राफ्ट, काज रेख, स्थला, अनबाउंड नारी, ताज, ग्रेस इन वाइल्ड, सूत्रधार और रिफ्लेक्शन ऑफ राजस्थान जैसी थीम्स शामिल रहीं, जिनमें राजस्थान की संस्कृति, पारंपरिक कला, आधुनिक फैशन और सामाजिक संदेशों का खूबसूरत मिश्रण देखने को मिला। रैंप पर प्रस्तुत हर डिजाइन न सिर्फ फैशन का प्रदर्शन था, बल्कि उसके पीछे एक सोच, एक कहानी और छात्रों की महीनों की मेहनत झलक रही थी। खासतौर पर अनबाउंड नारी और सूत्रधार जैसी थीम्स ने सामाजिक जागरूकता और पारंपरिक कला को नए अंदाज में पेश कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम में देशभर से आए मॉडल्स ने अपनी पेशेवर प्रस्तुति से शो में चार चांद लगा दिए। दर्शकों ने हर सीक्वेंस के बाद तालियों की गूंज से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में ग्रैंड फिनाले वॉक के साथ सभी डिजाइनर्स और मॉडल्स ने एक साथ मंच साझा किया, जो इस पूरे आयोजन का सबसे आकर्षक पल रहा। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए एक बड़ा मंच साबित हुआ, बल्कि जयपुर में डिजाइन एजुकेशन और फैशन इंडस्ट्री के बढ़ते प्रभाव को भी मजबूती से दर्शाता है।

## कार्यकर्ताओं ने भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी टाउनशिप स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के महापुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मंत्री निखिल शर्मा, समाज सेवी बबलू अवाना, मेहाड़ा मंडल अध्यक्ष प्रभु राजोता, राजेश पायल मौजूद थे। विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचारधारा और राष्ट्रसेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव से पार्टी के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए आमजन की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा सात दिन तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सेवा कार्य, जनसंपर्क अभियान और संगठनात्मक गतिविधियां शामिल रहेंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के साथ बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर नरेश खटाना, मुकेश, सतीश खारड़िया, देवीलाल, लीलाराम सहित आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## सामौर का सम्मान 13 को

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सुजला संस्थान द्वारा स्व. रामेश्वरलाल खटीक की स्मृति में -सुजला गौरव सम्मान-2026 कार्यक्रम का आयोजन 13 अप्रेल को राजकीय गणेशीराम झंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक, राजस्थान सरकार जोगेश्वर गर्ग होंगे। अरविन्द विश्वेन्द्रा ने बताया कि कार्यक्रम में मूर्धन्य साहित्यकार प्रो. भंवर सिंह सामौर को सम्मानित किया जाएगा।

# श्री राजपूत राजनैतिक पुनरुत्थान शिविर की झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र की तैयारी बैठक आयोजित

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर भवन में सहभागी राजपूत परिवार मंच के आह्वान पर झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र के राजपूत समाज की बैठक हुई। इसमें चूरू, सीकर, नागौर, डीडवाना-कुचामन सहित पांच जिले और उनके लोकसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधी शामिल हुए। ताकि इसी अनुरूप वो अपने-अपने क्षेत्रों में बैठकें करा सकें। इस बैठक का आयोजन श्री सालासर धाम में 23-24 मई को श्री राजपूत : राजनैतिक पुनरुत्थान शिविर को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए किया गया। शिविर के संयोजक इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत झाझड़ ने बताया कि इसमें इस प्रकार की रणनीति बनाई जाएगी जिससे ईडब्ल्यूएस आरक्षण पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनावों में लागू हो सकें। समाज के युवाओं को अधिक से अधिक भागीदारी मिल सकें। इन क्षेत्रों की 34 विधानसभा सीटों पर राजपूत समाज राजनैतिक रूप से एक दम हाशिए पर चला गया है। इसके चाहे कोई भी कारण रहे हो परन्तु समाज में बहुत अधिक हताशा है। इसके राजनैतिक पुनरुत्थान हेतु समाज के पास सभी प्रकार के राजनैतिक विकल्प खुले हैं। समाज किसी प्रकार की जल्दी में नहीं है और ना ही भयभीत हैं। समाज सही समय आने पर इन उपरोक्त क्षेत्रों के लिए सर्वसम्मति से उचित निर्णय लेगा। राष्ट्रीय दल बहुत अधिक संख्या में मौजूद समाज को दरकिनार कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश सीटें जातिगत तुष्टिकरण के नाम पर वर्तमान समय में राजनैतिक रूप से सबसे अधिक बुद्धिमान एवं जागरूक जाति को ही देती हैं। इससे बाकी सब समाज चाहे वो एससी, एसटी, वास्तविक पिछड़ा वर्ग, अधिकतम पिछड़ा वर्ग, अनारक्षित सामान्य वर्ग हो दरकिनार कर दिए जाने की भयंकर पीड़ा झेल रहे हैं। वर्तमान राजनैतिक दर्द बेबस होकर यह सब देख रहें हैं और कोई समाधान नहीं कर रहे हैं। समाज किसी भी राजनैतिक विचारधारा के खिलाफ नहीं हैं और ना ही पक्षधर है। इसलिए सभी विकल्प खुले हैं। आने वाले पंचायती राज और शहरी निकायों के चुनावों में भी यदि जातिगत तुष्टिकरण नहीं रोका गया तो सभी मौजूद राजनैतिक विकल्पों पर गहनता से विचार किया जाएगा। राजपूत समाज के राजनैतिक पुनरुत्थान से इन क्षेत्रों में सभी को सामाजिक न्याय मिलेगा और समानता स्थापित होगी जिसमें सबकी सहभागिता होगी। इस पर प्रतिबद्धता जताते हुए कायमखानी, पठान सहित अन्य मुस्लिम, एससी, एसटी, वास्तविक पिछड़ा वर्ग, अधिकतम पिछड़ा वर्ग, अन्य सामान्य वर्ग ने भी बैठक में आकर समर्थन किया। आने वाले पंचायती राज और शहरी निकाय चुनावों में सभी आरक्षित श्रेणियों की भांति ईडब्ल्यूएस श्रेणी का आरक्षण लागू करना होगा अन्यथा समाज कोई भी राजनैतिक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। पार्टियों का सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास महज एक जुमला बनकर रह गया है। पार्टियों की हिन्दू-मुस्लिम को लड़ाने की नीतियों से समाज एकदम तंग आ चुका है। इसमें सीकर लोकसभा क्षेत्र से मुख्य रूप से राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह पिपराली, पूर्व उपजिला प्रमुख भागीरथ सिंह जेरठी, गजेन्द्र सिंह राजास, राजपूत सभा लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष महावीर सिंह जुलियासर, डॉ मोहन सिंह सिंहासन, प्रभू सिंह बेरी, गिरवर सिंह झाझड़, डॉ सूर्य प्रताप सिंह शिंश्यूं, वीर चक्र जयराम सिंह डाबला, नागौर लोकसभा क्षेत्र से भगवान सिंह रसाल, ओम सिंह लिचाणा एवं डायरेक्टर सीड़ कोरपोरेशन ने विचार रखे। झुंझुनूं लोकसभा से संरक्षक पवनसुत सिंह बागडौदा, लादू सिंह , महेंद्र सिंह बिरमी, संरक्षक हनुमान सिंह भगेरा, मुकेश सिंह, रामपाल सिंह डुलाणिया, एडवोकेट विजय सिंह बुगाला, किशोर सिंह चंवरा, सूबेदार हेम सिंहधमोरा, रोहिताश्व सिंह बुहाना, बलबीर सिंह उरीका, सुमेर सिंह पिलोद, एडवोकेट बिशन सिंह भावठड़ी, नरेन्द्र सिंह कुलोठ, राम सिंह गुडा, अनिल सिंह चोराडी ने विचार रखे। सहभागी परिवार के संरक्षक ओनाड़ सिंह भाखरवासी ने स्वागत विचार और संरक्षक सूबेदार बच्चन सिंह लिखवा सरपंच ने धन्यवाद भाषण दिया। मंच संचालन रघुबीर सिंह बारवा ने किया। मुख्य रूप से संरक्षक कर्नल रामोतार सिंह बाढ़ा की ढ़ाणी, उदय सिंह कुमास, छगन सिंह बिरमी सरपंच, सूबेदार मेजर रामोतार सिंह ककडेऊ, भागीरथ सिंह दिनवा, जगदीश सिंह बुहाना, भैरो सिंह गौड़ पुरा, राजेन्द्र सिंह धमोरा, जगदीश सिंह नुंआ, भरत सिंह धमोरा, प्रवीण सिंह चनाना, राम सिंह भुखाणा, चन्द्र पाल सिंह कुमास, करण सिंह दौलतपुरा, राजेन्द्र सिंह हिरणा, सुरेन्द्र सिंह डीलर बागडौदा, जितेन्द्र सिंह रामसीसर, जसवंत सिंह दिनवा, खैम सिंह दिनवा, भीम सिंह दिनवा, कप्तान महावीर सिंह कैरपुरा, भैरूं सिंह बागडौदा, शुभकरणसिंह नुंआ, विकास सिंह डाबला, भैरू सिंह बागडौदा, शिवपाल सिंह बागडौदा, दौलत सिंह रसूलपुर, महेंद्र सिंह रसूलपुर, गौवर्धन सिंह रसूलपुर, भंवर सिंह मलसीसर, बिरजू सिंह, करनेल सिंह पिलोद, दुर्गा सिंह पिलोद, छगन सिंह बडाऊ, बन्नै सिंह बडाऊ, पर्वत सिंह सदीनसर, गजेन्द्र सिंह सदीनसर, राजबीर सिंह कुमास, शैलेन्द्र सिंह कुमास, कुन्दन सिंह ठिमोली, जैलेन्दर सिंह ठिमोली, बाल सिंह दुराना, विक्रम सिंह भाखरवासी, प्रकाश सिंह, सुनील सिंह, सुशिल सिंह त्यावली, नत्थू सिंह गाडाखेडा, सम्पत सिंह



कालीपहाड़ी, नरेंद्र सिंह मलसीसर, बहादुर सिंह मलसीसर, जनक सिंह बाढ़ा, रघुबीर सिंह बाढ़ा, सूबेदार तख्त सिंह भाखरवासी, महेंद्र सिंह बडाऊ, मनोहर सिंह बडाऊ, नरपतसिंह बडवासी, योगेन्द्र सिंह जाखल, झाझड़ से गणेश सिंह, बजरंग सिंह, राम सिंह, सवाई सिंह, बजरंग सिंह, बबलू सिंह, महेंद्र सिंह मौजूद रहे। इस शिविर का समर्थन करने के लिए कायमखानी, पठान, नायक, सैनी, मेघवाल समाज के नागरिकों ने वहां पधारकर इसका समर्थन किया। इसमें मुख्य रूप से जाबासर से सज्जाद खां, उमत खां, संदीप पाटिल, नायक समाज झुंझुनूं के अध्यक्ष किशन लाल नायक, नुंआ से शफीक खां , कप्तान हयात खां, रिसालदार सज्जाद खां, इकबाल खां, स्लीक खां, अमानुल्लाह खां, भगासरा से सबीर खां, ताज खां कुवैती, इकबाल खां, अरसद अली, ताज खां कायमसर, बडाऊ से सबीर खां, तौफीक खां, लियाकत खां हीरवा, जवाहरपुरा से सरवर खां, सबीर खां, धनूरी से इकराम खां धनूरी, नाजीर हुसैन, खानू खां महणसर, सलीम खां महणसर, इरफान खां कायमसर, जाकिर खां कायमसर, रज़्ज़ाक खां सिरियासर, मैनुद्दीन खां नवलगढ़, सूबेदार अकरम खां सिरियासर, ज़ाकिर खां कायमसर, शमशेर खां भोजासर, महावीर प्रसाद सैनी उपस्थित रहे।

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा सुजानगढ़ की बैठक सोमवार को कर्मचारी कल्याण केंद्र में आयोजित की गई। माह अप्रैल 2026 में जन्म दिवस वाले पेंशनर छोटी कुमारी प्रतिनिधि राम चंद्र जाट, दीने खां कायमखानी, प्रहलाद सिंह, राज कुमार तंवर का जन्मदिन माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर मनाया गया। बैठक मे रेखा राम मेहरड़ा अध्यक्ष, सूरजाराम डाबरिया मंत्री, विद्याधर पारीक, मन्ना लाल भींचर, तिलोकाराम दूधवाल, हरदेवाराम स्वामी, हुकमीचंद भोजक, नंदकिशोर टेलर, सत्यनारायण स्वामी, हुसैनखान, रजाक खान, सुखलाल सोनी, रामचंद्र टेलर, विनोद कुमार सोनी, सूरजाराम बीरड़ा, श्रवण कुमार स्वामी, श्याम सुंदर माली, सुरेंद्र पाण्डे, गोविंदराम माली, आनंदी लाल सोनी, हाकम अली, किसनलाल कटारिया, रामचन्द्र गुर्जर, रामचन्द्र गोदारा, कुंदनमल जांगिड़, श्याम सुंदर शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी स्वण्गिरीश मिश्र की धर्मपत्नी भगवती देवी, एवं गिरधर गोपाल शर्मा की धर्मपत्नी सत्यभामा का स्वर्गवास हो जाने पर समस्त पेंशनरो के द्वारा 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। नगरपरिषद सुजानगढ़ में एक शिष्ट मंडल जाकर पेंशनर समाज हेतु भूमि के आवंटन के सम्बन्ध वार्ता की गई। जिसमें सकारात्मक प्रत्युत्तर मिला।

## केमिकल टैंकर पलटने से गैस रिसाव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बगरू थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब रॉन्ग साइड से आ रही थार के कारण केमिकल से भरा टैंकर बेकाबू होकर पलट गया। टैंकर में मेथलोन केमिकल भरा हुआ था। हादसा नेशनल हाईवे-48 पर बगरू के पास होटल हाईवे किंग के सामने करीब ढाई बजे हुआ। हादसे के बाद टैंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बगरू थाना पुलिस, सिविल डिफेंस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र को खाली कराने और लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की।

गैस रिसाव की गंभीरता को देखते हुए हाईवे और आसपास के मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया गया। पुलिस मौके पर ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से निकालती रही, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। बगरू थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि टैंकर में ड्राइवर और खलासी मौजूद थे, जबकि थार में चार लोग सवार थे। हादसे के बाद थार भी पलट गई, लेकिन उसमें सवार चारों लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास किए गए। फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन गैस रिसाव के कारण क्षेत्र में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। सिविल डिफेंस की टीम केमिकल की प्रकृति की जांच और रिसाव को पूरी तरह नियंत्रित करने में जुटी है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाएं और अफवाहों से बचें।

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भालेरी, में प्रवेशोत्सव मनाया गया। संस्था प्रधान रवींद्र सिंह सहारण ने नव प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य सहारण ने बताया कि सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है, कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की छात्रा नीतू कंवर ने 93.00 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में रामलाल सुथार ने 91.60 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कृषि वर्ग में माया सुथार 89.00 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में निशा पुत्री पूर्णमल ने 83.00 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और शबाना 81.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय से स्थान प्राप्त किया। सभी स्टाफसदस्यों ने अधिकाधिक प्रवेश करने के लिए योजना बनाई तथा ग्रामीण जनों से सम्पर्क किया। इस मौके पर अनेक ग्रामीण, शिक्षक तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

## पालिका चुनावों की मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य शुरू



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर रींगस नगर पालिका के वार्डों के परिसीमन के बाद मतदाता सूचियों का पूनरीक्षण कार्य सोमवार से शुरू हो गया। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य को लेकर उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने नगर पालिका के सभागार में रींगस के बीएलओ की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। इस प्रक्रिया के तहत मतदाताओं का सत्यापन और अंगतन किया जा रहा है। नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में उपखण्ड अधिकारी को सभी वार्ड के बीएलओ की ओर से मतदाता सूचिया भेंट की गई। इन सूचियों की अब वार्ड अनुसार गहनता से मतदाताओं की जांच की जायेगी। ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। समय पर इन त्रुटियों का सुधार किया जा सकेगा। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 13 अप्रैल को वार्डवार मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद 14 से 27 अप्रैल तक आमजन अपनी आपत्तिया निस्तारण के लिए पेश कर सकेंगे। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूचिया जारी कर दी जायेंगी। जानकारी में सामने आया है कि नगर पालिका चुनावों में विधान सभा के अनुसार 16 बूथों की वोटर लिस्ट को 35 वार्डों में विभाजित किया जा रहा है। जिसकी चैक लिस्ट की प्रगणकों से वार्डअनुसार सत्यापन करवाया गया।

# घर-घर सुन्दरकाण्ड के पाठ कर जमा किए 51 हजार गौशाला को भेंट

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** घर-घर व धार्मिक कार्य के दौरान सुन्दरकाण्ड के पाठ कर श्रीराम सुन्दरकाण्ड मण्डल ने 51 हजार रूपये जमा कर लिये। पिछले एक साल में जमा किये 51 हजार रूपये गौ सेवा के लिए गौशाला को भेंट कर दिये।

इससे गौशाला में गौवंशों के लिए अनेक निर्माण कार्य करवाये जा सकेंगे। इससे गौवंशो को गर्मी, सर्दी व बारिश में राहत मिल सकेंगी। गोविन्द शर्मा, मंगल चन्द्र शर्मा ने बताया कि श्रीराम सुन्दरकाण्ड मण्डल की स्थापना गौ सेवा के लिए की गई थी। इसके लिए पिछले एक साल से



घर घर व अनेक धार्मिक कार्यों के दौरान सुन्दरकाण्ड आयोजित किये गये। सुन्दरकाण्ड मण्डल नि:शुल्क आयोजित करता है। इसके बदले वे यजमान से कुछ मांगते। ऐसे में यजमान उन्हें कुछ राशी भेंट कर देते हैं। यही राशी गौ सेवा के लिए जमा कर ली जाती है। एक सदस्य इस राशी को अपने पास जमा रखता है। जैसे ही राशी कुछ कार्य करने जितनी होती है यह राशी गौशाला में भेंट कर दी जाती है। 50 हजार रूपये राशी इकट्ठी होने पर उस राशी को श्री सीता राम गौशाला कुए वाली को भेंट कर दी गई। इससे गौशाला में चारा व अन्य के लिए स्टोर का निर्माण हो सकेगा। फिलहाल गौशाला में एक स्टोर का निर्माण चल रहा है। निर्माण में आर्थिक परेशानी आ रही थी। इससे गौशाला को पचास हजार रूपये भेंट करने पर आर्थिक परेशानी से छुटकारा मिल सकेगा। इससे पहले भी श्रीराम सुन्दरकाण्ड मण्डल ने गौशाला को एक ऑटोमेटिक चारा मशीन भी भेंट की थी। गौ सेवा के लिए श्रीराम सुन्दर काण्ड मण्डल में और राशी इकट्ठी होगी तो वह भी गौसेवा के लिए भेंट कर दी जायेगी। इस दौरान श्री सीताराम गौशाला कुए वाली के संचालक कन्हैया लाल वकील, सुन्दर काण्ड मण्डल के अध्यक्ष सुनिल, अनिकेश, सुभाष सैन, पंडित गोपाल शर्मा, अंकुश सोनी, प्रेम तिवाड़ी, दुष्यंत हिन्दका सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

## लिखमादेसर में होगा भव्य श्रीराम कथा का आयोजन



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** अवंतिका कॉलोनी निवासी पूनमचंद तिवाड़ी परिवार की ओर से अपने पिता स्वर्गीय मालूराम और अपनी माता स्वर्गीय रामप्यारी देवी और बड़े भाई रामप्रसाद तिवाड़ी की पुण्यस्मृति में श्रीडूंगरगढ़ के गांव लिखमादेसर में 9 से 17 अप्रैल तक गोसेवार्थ श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। कथा को लेकर सरदारशहर के पुसराज की कुटिया में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप गई। सामाजिक कार्यकर्ता पूनमचंद तिवाड़ी ने बताया कि आयोजन में कथा व्यास के रूप में ऋषिकेश के श्रीमद् दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन समिति के अनुसार कथा का समय प्रतिदिन दोपहर सवा 1 बजे से शाम सवा 5 बजे तक रहेगा। आयोजक सरदारशहर के अवंतिका कॉलोनी निवासी पूनमचंद तिवाड़ी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 9 अप्रैल को सुबह सवा 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जो श्री हंसों जी महाराज मंदिर से कथा स्थल श्री गुरु श्री हंसों जी धाम तक निकाली जाएगी। कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसमें राम जन्म, सीता विवाह, वनगमन, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, रावण वध सहित कई महत्वपूर्ण प्रसंग शामिल हैं। वही कथा से जुड़े हुए दुर्गाराम पारीक ने बताया कि 17 अप्रैल को पूर्णाहुति हवन के साथ कथा का समापन होगा। इसी दिन रात्रि में जसनाथ महाराज का जम्मा एवं अग्नि नृत्य भी आयोजित किया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। वही धनलक्ष्मी ज्वेलर्स के प्रोपराइटर तरुण पारीक ने बताया कि आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी किया जाएगा। इस आयोजन में तिवाड़ी परिवार सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अलग-अलग सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारियां दी जा रही है। सरदारशह, श्रीडूंगरगढ़ व चूरू जिले सहित बाहर से भी श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचेंगे। आयोजको ने बताया कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तमाम प्रकार की व्यवस्थाएं रहेगी।

## 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का हुआ सम्मान



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** दुलरासर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने इस साल कक्षा 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इसके चलते गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 12वीं आर्ट्स वर्ग में मीनाक्षी पारीक ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। निहारिका कंवर ने 94.40 प्रतिशत, मधु कंवर ने 94.20 प्रतिशत, विनिता पारीक ने 90.40 प्रतिशत और भैरवी पारीक ने भी 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्राओं को साफा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर पूरे गांव में जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता विजय पोटलिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, उन्हें केवल सही दिशा और अवसर देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रहलादराय मीणा, किशोर कुमार सैनी, भंवरलाल गोदारा, निर्मला कुमारी, मुकेश शर्मा, पन्नालाल शर्मा, शंकर सिंह, नितिश कुमार स्वामी, चंद्रकला देहडू और संदीप कुमार सारण सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

इस अवसर पर गांव के सरपंच नानूराम पारीक ने बताया कि हमारे राजकीय बालिका विद्यालय के अध्यापकों की मेहनत और बालिकाओं की मेहनत के चलते यह परीक्षा परिणाम आया है। हमारे गांव की बालिकाओं ने हमारे गांव का नाम प्रदेश से स्तर तक रोशन किया है। उन्होंने कहा कि गांव के अभिभावक और स्कूल स्टाफ की मेहनत के चलते यह सब संभव हो पाया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा कार्यालय, चौधरी गेस्ट हाउस, तारानगर में सोमवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा फहराया व पार्टी को ओर अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने पार्टी की रीति.नीति को जन.जन तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश जांगि, मण्डल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, अजीत सिंह राठौड़, भंवरलाल पूनिया, हरि इंदौरिया, अशोक जांगिड़, मो साबिर, मदनलाल नायक, राजेन्द्र जोईया, मो. समीर, सुनील भोजक, जेके दायमा, गुमान सैनी, जगमोहन राहड, दीपक पासवान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मिस्टर राजस्थान बॉडी बिल्डिंग में राहुल गवारिया ने जीता सिल्वर मेडल

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** बीकानेर में आयोजित मिस्टर राजस्थान बॉडीबिल्डिंग कॉम्पिटिशन में राजलदेसर कस्बे के राहुल गवारिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। राहुल गवारिया, जो धनपत गवारिया के पुत्र हैं, पुरुष क्लासिक फिजिक कैटेगरी में भाग लिया और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच दूसरा स्थान हासिल किया।

राहुल पिछले एक वर्ष से इस प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे थे और उन्होंने फिटनेस कोच मानवेंद्र सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत की। 5 अप्रैल को आयोजित इस प्रतियोगिता में राहुल की इस



उपलब्धि से पूरे राजलदेसर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी सफलता ने क्षेत्र के युवाओं को फिटनेस और खेलों के प्रति प्रेरित किया है।

राहुल की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# भाजपा शहर मण्डल ने मनाया भाजपा स्थापना दिवस

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस पर शहर मण्डल कार्यकर्ताओं ने किसान कॉलोनी स्थित शहर मण्डल कार्यालय में शहर अध्यक्ष कमल कांत शर्मा की अगुवाई में पार्टी का झंडा रोहण कर स्थापना दिवस को समारोह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में जिला महामंत्री दलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा एवं सोशियल मीडिया जिला संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं के 47 वर्ष के संघर्ष और सफर पर अपने विचार रखे। भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 में पार्टी की स्थापना के बाद अनेक



महापुरुषों ने राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं बलिदान और लाखों कार्यकर्ताओं के काठिन परिश्रम एव संघर्ष से आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की भावना से परिपूर्ण होकर देश की सेवा करने में अग्रणी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की सोच आज प्रत्येक कार्यकर्ता के जीवन की प्रेरणा बनकर उभर रही है। इस अवसर पर प्रांगण को रंगोली व पुष्प पत्र से सजाया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री दलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा एवं सोशियल मीडिया जिला संयोजक चंद्र प्रकाश शुक्ला, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, नगर महामंत्री विजेंद्र हतवाल, ताराचंद सैनी, विजय कुमार सैनी, नरेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, विकास पुरोहित, महेंद्र सोनी, सुनील सैनी, ख़लील सिलावट, महावीर सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बेलगाम अमेरिकी राष्ट्रपति



यह सही है कि अमेरिका ने एक साहसिक कार्रवाई में ईरान में मार गिराए गए अपने विमान के पायलट को बचाकर अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, पर इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है। अमेरिका और ईरान के रवैये को देखते हुए यही लगता है कि यह युद्ध जारी रहेगा। यदि ऐसा होता है तो पहले से ही दुनिया के लिए समस्या बना ऊर्जा संकट और अधिक गंभीर रूप ले सकता है।

इस ऊर्जा संकट का कारण समुद्री मार्ग होर्मुज का बाधित होना और साथ ही ईरान की ओर से खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों समेत वहां के ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाना भी है। बाधित होर्मुज विश्व के साथ-साथ अमेरिका के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। यदि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप होर्मुज मार्ग खुलवाने के लिए अपने दावे के अनुसार ईरान पर भीषण हमले करते हैं तो भी यह कहना कठिन है कि वे अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल हो जाएंगे। ऐसे आसार इसलिए नहीं दिखते, क्योंकि ईरान अनुमान से अधिक घातक सैन्य क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। उसने अपनी मारक क्षमता से अमेरिका को चौंकाया ही है। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोलने के पहले उसकी सैन्य क्षमता का सही तरह आकलन नहीं किया। यदि अमेरिका इजरायल का साथ नहीं देता तो इस युद्ध की नौबत ही नहीं आती। स्पष्ट है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को वेनेजुएला समझा और अपने अहंकार के चलते बिना कुछ ज्यादा सोचे-विचारे उस पर हमला बोल दिया।

ट्रंप कुछ भी दावा करें, ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन होता दिख रहा है और न ही यह कहा जा सकता है कि परमाणु हथियार निर्माण की उसकी क्षमता पूरी तौर पर नष्ट हो गई है। ट्रंप पहले ऐसे अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं, जिन्होंने मनमाने तरीके से किसी अन्य राष्ट्र में सैन्य हस्तक्षेप किया हो, लेकिन इतना अवश्य है कि वे कुछ ज्यादा ही मनमानी का परिचय दे रहे हैं।

इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति का आवश्यकता से अधिक अधिकारसंपन्न और एक तरह से निरंकुश होना है। अमेरिकी राष्ट्रपति की निरंकुशता लोकतंत्र में एक असंतुलनकारी व्यवस्था ही है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों के विपरीत है। ट्रंप का रवैया शायद ही बदले, लेकिन अमेरिका के लिए इस पर विचार करना आवश्यक है कि अपार शक्तियों से लैस अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे पूरी दुनिया के समक्ष संकट खड़ा कर देता है।

यह ठीक है कि लोकतंत्र होने के नाते आगामी मध्यावधि चुनाव में ट्रंप को राजनीतिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि उनकी लोकप्रियता तेजी से गिर रही है, लेकिन फिलहाल तो उनके मनमाने एजेंडे पर कोई रोक लगती नहीं दिख रही है।

## विशेष आलेख

# ईरान ने कैसे गिराया अमेरिकी विमान?

## अमेरिका ने कैसे बचाए अपने पायलट?

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक बेहद साहसिक और जटिल बचाव अभियान ने वैश्विक स्तर पर ध्यान खींचा है। ईरान के भीतर गिराए गए एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के दो चालक दल सदस्यों को निकालने के लिए चलाया गया यह अभियान आधुनिक युद्ध रणनीति, गुप्त संचालन और जोखिम भरे फैसलों का अनोखा उदाहरण बन गया है।

हम आपको बता दें कि शुक्रवार को ईरान के इस्फहान प्रांत के ऊपर उड़ान भर रहे अमेरिकी लड़ाकू विमान को ईरानी हमले में निशाना बनाया गया। विमान के दो पायलट समय रहते बाहर निकल गए, लेकिन वह दुश्मन के इलाके में अलग अलग स्थानों पर उतर गए। पहले पायलट को कुछ ही घंटों में सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन दूसरे सदस्य यानी हथियार विशेषज्ञ को बचाना बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। यह अभियान केवल एक सामान्य बचाव मिशन नहीं था, बल्कि इसमें खुफिया एजेंसियों, विशेष बलों और अत्याधुनिक तकनीक का समन्वय देखने को मिला। अमेरिकी विशेष बलों ने रात के अंधेरे में ईरान के भीतर गहराई तक प्रवेश किया। लगभग दो हजार एक सौ मीटर ऊंची पहाड़ी पर छिपे घायल अधिकारी तक पहुंचकर उसे सुरक्षित स्थान तक लाया गया। हालांकि मिशन के बीच में एक बड़ा संकट भी आया। जिन परिवहन विमानों के जरिए लगभग सौ विशेष बलों को इलाके में पहुंचाया गया था, उनमें तकनीकी खराबी आ गई और वे उड़ान भरने में असमर्थ हो गए। इससे सैनिकों के दुश्मन इलाके में फंसने का खतरा पैदा हो गया। ऐसे में कमांडरों ने जोखिम भरा फैसला लेते हुए अतिरिक्त विमानों को भेजने का आदेश दिया। कुछ घंटों की तनावपूर्ण प्रतीक्षा के बाद अंततः सभी सैनिकों को चरणबद्ध तरीके से बाहर निकाल लिया गया। साथ ही इस दौरान अमेरिकी सेना ने अपने दो परिवहन विमानों और चार हेलीकॉप्टरों को खुद ही नष्ट कर दिया ताकि वह ईरान के हाथ न लग सकें। यह फैसला इस मिशन की गंभीरता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।



**अमेरिकी सैनिकों को दिया जाता है खास प्रशिक्षण**-घायल अधिकारी की जीवित रहने की कहानी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बाहर निकलने के बाद वह पहाड़ों में छिप गया और एक दरार में शरण ली। उसके पास सीमित संसाधन थे, लेकिन विशेष प्रशिक्षण के कारण वह खुद को बचाने में सफल रहा। बाद में उसने सुरक्षित तरीके से अमेरिकी सेना से संपर्क स्थापित किया, जिससे उसकी पहचान की पुष्टि हो सकी और बचाव अभियान आगे बढ़ाया जा सका। हम आपको बता दें कि अमेरिकी पायलटों को दुश्मन के इलाके में फंसने की स्थिति के लिए जो विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, उसे सामान्यतः सेरे प्रशिक्षण कहा जाता है, जिसका अर्थ है सर्वाइवल, एवेजन, रेसिस्टेंस और एस्केप यानी जीवित रहना, दुश्मन से बचना, गिरफ्तारी की स्थिति में प्रतिरोध करना और मौका मिलने पर निकल भागना। इस प्रशिक्षण में पायलटों को अत्यंत कठिन परिस्थितियों में खुद को जिंदा रखने की कला सिखाई जाती है, जैसे पानी ढूंढ़ना और शुद्ध करना, अस्थायी आश्रय बनाना, सीमित संसाधनों में भोजन जुटाना और प्राथमिक उपचार करना। साथ ही उन्हें यह भी सिखाया जाता है कि दुश्मन की नजर से कैसे बचा जाए, जैसे जमीन के करीब रहना, छिपने के तरीके अपनाना, रात का उपयोग करना और सुरक्षित संचार उपकरणों के जरिए अपने स्थान की जानकारी देना। प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानसिक मजबूती विकसित करना होता है, जिसमें पायलटों को पूछताछ या बंदी बनाए जाने की स्थिति में अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत सीमित जानकारी देना, दबाव का सामना करना और दुश्मन के मनोवैज्ञानिक प्रभाव से बचना सिखाया जाता है। इसके अलावा उन्हें भागने की योजना बनाना, रास्तों की पहचान करना और बचाव दल से संपर्क स्थापित करने की रणनीतियां भी सिखाई जाती हैं। कुल मिलाकर यह प्रशिक्षण पायलटों को इस लायक बनाता है कि वह अकेले, घायल या संसाधनहीन होने पर भी दुश्मन के इलाके में लंबे समय तक जीवित रह सकें और सही समय पर सुरक्षित वापस लौटने की संभावना बनाए रखें।

**अमेरिका की रणनीति**-हम आपको यह भी बता दें कि ईरान की ओर से भी इस दौरान व्यापक स्तर पर खोज अभियान चलाया गया था। स्थानीय लोगों से अपील की गई कि यदि उन्हें कोई दुश्मन पायलट दिखे तो उसे पकड़कर अधिकारियों को सौंपें। इनाम की घोषणा भी की गई, जिससे इलाके में खोज और तेज हो गई। लेकिन अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने इस बीच एक भ्रम फैलाने वाली रणनीति अपनाई। ईरान के भीतर यह संदेश फैलाया गया कि लापता अधिकारी को पहले ही ढूंढ़ लिया गया है और उसे कहीं और ले जाया जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिकी सेना ने इलेक्ट्रॉनिक संकेतों को बाधित किया और कुछ प्रमुख रास्तों पर हमले किए ताकि कोई भी व्यक्ति उस क्षेत्र तक न पहुंच सके। इस मिशन के दौरान अमेरिकी हेलीकॉप्टरों पर भी हमला हुआ। दो हेलीकॉप्टरों को नुकसान पहुंचा, लेकिन वे किसी तरह सुरक्षित वापस लौटने में सफल रहे।

दूसरी ओर, ईरान ने दावा किया कि उसने अमेरिकी अभियान को पूरी तरह विफल कर दिया और कई विमानों को मार गिराया। ईरानी मीडिया में जले हुए विमान के मलबे और धुएं की तस्वीरें भी दिखाई गईं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि उसने अपने उपकरण खुद नष्ट किए ताकि वे दुश्मन के हाथ न लगें। इस पूरे घटनाक्रम में दोनों देशों के बीच सूचना युद्ध भी साफ दिखाई देता है, जहां हर पक्ष अपनी जीत का दावा कर रहा है। हम आपको यह भी बता दें कि इस संघर्ष में अब तक अमेरिका के तेरह सैनिकों की मौत हो चुकी है और तीन सौ से अधिक घायल हुए हैं, लेकिन किसी भी सैनिक को बंदी नहीं बनाया गया है।

**ईरान ने कैसे गिराया अमेरिकी विमान?**-जहां तक ईरान द्वारा इस्फहान प्रांत के ऊपर अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराने की बात है तो इस बारे में आपको और जानकारी देते हुए बता दें कि यह हमला किसी एक साधारण हथियार से नहीं, बल्कि उन्नत वायु रक्षा प्रणाली के संयोजन से किया गया हो सकता है। कई रिपोर्टों में संकेत मिला है कि ईरान ने अपने स्वदेशी थर्ड खोरदाद नामक मध्यम दूरी के सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम का उपयोग किया, जो पहले भी उन्नत विमानों को निशाना बनाने के लिए जाना जाता है। इसके साथ ही कुछ खुफिया आकलनों में यह भी कहा गया कि ईरान ने रूसी मूल के कंधे पर रखकर दागे जाने वाले आधुनिक मिसाइल सिस्टम (मैनपैड्स), जैसे वेरबा प्रकार, का इस्तेमाल किया होगा, जो कम ऊंचाई पर उड़ रहे विमानों को आसानी से निशाना बना सकते हैं और पारंपरिक रडार चेतावनी प्रणालियों को चकमा देने में सक्षम होते हैं। इसके अलावा पैसिव इंफ्रारेड ट्रैकिंग तकनीक का भी उल्लेख मिलता है, जो बिना रडार सिग्नल छोड़े विमान की गर्मी या गति को ट्रैक करती है, जिससे पायलट को खतरे का अंदाजा देर से होता है। हम आपको यह भी बता दें कि ऐसी वायु रक्षा तकनीक आज केवल ईरान तक सीमित नहीं है, बल्कि रूस, चीन, अमेरिका, इजराइल, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे कई देशों के पास उन्नत सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम मौजूद हैं।

## आज का राशिफल

**मेष**
दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

**वृष**
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे।

**मिथुन**
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

**कर्क**
कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

**सिंह**
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। आ बैल मुझे मार की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

**कन्या**
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

**तुला**
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

**वृश्चिक**
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

**धनु**
चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मकर**
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

**कुंभ**
राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

**मीन**
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोज की यह गलत आदतें आपके बालों को पहुंचाती हैं नुकसान

हर कोई घने और स्वस्थ बाल पाना चाहता है। हालांकि, डाइट में पोषक तत्वों की कमी का असर बालों पर भी साफ देखने को मिलता है। पोषण की कमी की वजह से बाल तेजी से टूटने और झड़ने लगते हैं। इसके साथ वह कमजोर हो जाते हैं। लेकिन आदतों में कुछ बदलाव कर आप बालों को हेल्दी बना सकते हैं। आज के समय में बालों को उचित देखभाल न करने की वजह से भी बाल समय से पहले ही टूटने व सफेद होने लगते हैं। प्रदूषण और तेज धूप भी बालों को डैमेज करने का काम करती है। हमारी रोजाना की कुछ आदतें भी बालों पर हानिकारक प्रभाव डालने और उन्हें खराब करने के लिए जिम्मेदार होती हैं।



### ड्रायर और हीटिंग टूल्स का उपयोग

फ्लैट आयरन, कर्लिंग वैंड और ब्लो ड्रायर जैसे हीट स्टाइलिंग टूल्स का नियमित उपयोग बालों की जड़ों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। अत्यधिक गर्मी बालों की जड़ों को कमजोर कर देती है, जिसके परिणामस्वरूप बाल रूखे और दोमुंहे हो सकते हैं। जब भी हीट स्टाइलिंग की जरूरी हो, ऐसे में अपने बालों को हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए हीट प्रोटेक्टेट स्प्रे या सीरम का इस्तेमाल करें।

### ज्यादा गर्म पानी से बालों को धोना

बालों को गर्म पानी से अधिक समय तक धोने से उसका नैचुरल ऑयल हट जाता है। इससे बालों में रुखापन और दोमुंहे होने की समस्या हो सकती है। इसके अतिरिक्त, नहाने के दौरान गर्म पानी का उपयोग बालों के रोम छिद्रों को कमजोर करके बालों से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकता है। बालों की प्राकृतिक नमी को बनाए रखने के लिए सप्ताह में 2 से 3 बार बालों को धो सकते हैं। साथ ही, इसको धोने के लिए नॉर्मल पानी और गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### तौलिये से बालों को न रगड़ें

धोने के बाद अपने बालों को तौलिए से जोर से रगड़ने से बाल टूटते और उलझते हैं। ऐसे में आप बालों का एक्स्ट्रा पानी हटाने के लिए हल्के हाथों से तौलिये का उपयोग करें। बालों को पोछने के लिए आप आप तौलिये की जगह पर कॉटन के कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### बालों को टाइट न बांधे

बालों को कमजोर होने से बचाने के लिए आपके लिए उन्हें टाइट न बांधे। साथ ही, रात को सोते समय बालों को टाइट न बांधे। इससे सिर की स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और बालों को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलता है।

### कैमिकल प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें

बालों में कैमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें। इससे बालों पर होने वाले हानिकारक प्रभावों को कम करने में मदद मिलती है। कैमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट आपके बालों को डैमेज कर सकते हैं. इससे हेयर फॉल की समस्या बढ़ सकती है।

# सोने से पहले इन फूड्स को डाइट में लेने से नींद आने में मिलती है मदद

नींद ना आने की समस्या काफी सारे लोगों को परेशान करने लगी है। जिसका सीधा संबंध खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़ा होता है। कई बार गलत खाना भी नींद को डिस्टर्ब करता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कौन सा फूड खा रहे हैं इसका पूरा ध्यान रखें। फल, सब्जियां, नट्स में सारे तरह के मिनरल्स और शरीर से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने वाले तत्व होते हैं। कुछ फूड्स ऐसे होते हैं जो नींद लाने में हेल्प करते हैं। इन्हें रोजाना रात को सोने से पहले खाया जाए तो नींद अच्छी आती है।



### बादाम

बादाम को सबसे जरूरी ड्राई फ्रूट्स माना जाता है। इसे रोजाना खाने से काफी सारे फायदे होते हैं। लेकिन अगर आप रात को सोने से पहले बादाम खाते हैं तो ये अच्छी नींद लाने में मदद करता है। बादाम में मेलाटोनिन होता है जो बॉडी क्लॉक को रेगुलेट करने का काम करता है और बॉडी को सोने के लिए सिग्नल देता है।

### कैमोमाइल टी

अगर आप हर्बल टी लेना पसंद नहीं करते हैं तो इसके फायदे जान लें। कैमोमाइल टी काफी पॉपुलर हर्बल टी है, जिसे हेल्दी ड्रिंक में गिना जाता है। रात को सोने से पहले एक कप कैमोमाइल टी पीने से एंजाइटी और डिप्रेशन कम होता है। साथ ही इसमे ऐसे तत्व होते हैं जो नींद की क्वालिटी पर असर डालते हैं और गहरी नींद लाने में मदद करते हैं। स्टडी में पता चला है कि करीब एक महीना लगातार दो बार 270 मिलीग्राम कैमोमाइल टी पीने से 15 मिनट पहले लोग सोने लगते हैं और रात को नींद भी कम खुलती है।

### कीवी

कीवी लो कैलोरी फ्रूट है, जिसे वजन कम करने के लिए खाना लोग पसंद करते हैं। इसके साथ ही ये काफी न्यूट्रिशस भी होता है। फोलेट, पोटैशियम के साथ ही कीवी डाइजेशन मजबूत करने में मदद करता है। रोजाना सोने से पहले कीवी खाना फायदेमंद होता है। स्टडी में पता चला है सोने के एक घंटा पहले कीवी खाने से वो आम लोगों की तुलना में जो कीवी नहीं खाते उनसे 42 प्रतिशत पहले जल्दी सो जाते हैं। कीवी में सेरोटोनिन और एंटीऑक्सीडेंट होता है जो स्लीप क्वालिटी को सही रखने में मदद करता है।

# भूलकर भी पानी पीते समय न करें यह गलतियां, सेहत को उठाना पड़ेगा बड़ा नुकसान


आयुर्वेद के अनुसार, व्यक्ति को सेहतमंद बने रहने के लिए खाने-पीने से जुड़े कुछ नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। ऐसा ही एक नियम पानी पीने का भी है। आप सोच रहे होंगे भला पानी पीने के लिए कौन से नियम की जरूरत होती है। तो आपको बता दें, शरीर का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा पानी का बना हुआ है। ऐसे में अगर आप पानी सही मात्रा और तरीके से नहीं पीते हैं तो आपके शरीर की कई सारी गतिविधियां रुक सकती हैं और आप बीमार पड़ सकते हैं।

### खड़े होकर पानी पीना

आपने अपने आसपास कई ऐसे लोगों को देखा होगा, जिन्हें खड़े होकर पानी पीने की आदत होती है। हो सकता है आप भी ऐसा करते हों। लेकिन क्या आप जानते हैं सेहत के लिहाज से आपका ऐसा करना सही नहीं है। खड़े होकर पानी पीने की आदत शरीर के फ्लुइड बैलेंस को बिगाड़कर अपच की दिक्कत पैदा कर सकती है। बेहतर होगा पानी पीते समय आप आराम से बैठकर छोटे-छोटे सिप लेकर पानी पिएं।

### प्यास लगने पर ही पिएं पानी

अगर कम पानी पीना गलत है तो जरूरत से ज्यादा पानी पीना भी सेहत के लिहाज से सही नहीं है। बिना प्यास महसूस किए पानी पीने से व्यक्ति को ओवरहाइड्रेशन और वॉटर इनॉक्सिकेशन की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं जरूरत से ज्यादा पानी पीने से शरीर में सोडियम का लेवल भी कम हो सकता है।



### ठंडा पानी

गर्मियों में ठंडा पानी भले ही आपको ताजगी महसूस करवाता हो, लेकिन वास्तव में यह आपके पाचन में बाधा उत्पन्न करके मांसपेशियों में ऐंठन का कारण भी बन सकता है। इस समस्या से बचने के लिए हमेशा कमरे के तापमान या गुनगुने पानी को ही पिएं।

### जल्दी-जल्दी पानी पीना

जल्दी-जल्दी पानी पीने से आपका पाचन तंत्र खराब हो सकता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को अपच और पेट फूलने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा जल्दी पानी पीने से किडनी और मूत्राशय पर भी बुरा असर पड़ता है। इस समस्या से बचने के लिए हमेशा थोड़ा-थोड़ा घूंट करके पानी पीना चाहिए।

### भोजन करते समय पानी पीना

अगर आप खाना खाते समय पानी का सेवन करते रहते हैं तो इसकी वजह से पेट में एसिड पतला हो जाता है, जिससे खाना पचाने में दिक्कत होने लगती है। एक्सपर्ट का कहना है कि ऐसा करने से डाइजेशन प्रोसेस पर भी बुरा असर पड़ता है।

# नगरपालिका का एक्शन

## नियम विरुद्ध संचालित आधा दर्जन शिक्षण लाईब्रेरी को थमाए नोटिस

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपालिका ने एक्शन लेते हुए क्षेत्र में नियम विरुद्ध संचालित की जा रही करीब आधा दर्जन लाईब्रेरी संचालकों को नोटिस थमाए हैं। पालिका अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि लाडनूं शहर में अनेक स्थानों पर शिक्षण लाईब्रेरियों का संचालन व्यवसायिक गतिविधि में पालिका की स्वीकृति या अनापति लिये बिना ही किया जा रहा है। जो कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम के विरूद्ध है। मुख्य बाजार एवं भीड़ भाड़ वाले इलाकों में संचालित कई लाईब्रेरीज में नियमों की पालना नहीं की जा रही उन्हें नोटिस जारी करते हुए नोटिस प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर पालिका में अपनी लाईब्रेरी संचालन से सबंधित स्वीकृति एवं स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा उनके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 13 अप्रैल को मनाई जाएगी वरुथिनी एकादशी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाख मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली वरुथिनी एकादशी 13 अप्रैल को विशेष धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व के साथ मनाई जाएगी। इस दिन दुर्लभ राज पंचक का संयोग बन रहा है, जो इसे आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ भौतिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत फलदायी बना रहा है। सामान्यत: पंचक को वर्जित माना जाता है, किंतु सोमवार से आरंभ होने वाला राज पंचक शुभ कार्यों के लिए अनुकूल माना गया है। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा के अनुसार इस विशेष योग में किए गए कार्यों में सफलता की संभावनाएं प्रबल रहती हैं। वरुथिनी एकादशी तिथि 13 अप्रैल को रात्रि 1:17 बजे प्रारंभ होकर 14 अप्रैल को रात्रि 1:08 बजे समाप्त होगी। ऐसे में व्रत 13 अप्रैल को रखा जाएगा, जबकि पारण 14 अप्रैल को द्वादशी तिथि पर किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह दिन भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। श्रद्धालुओं को इस दिन पीले वस्त्र अर्पित कर, चंदन या हल्दी का तिलक लगाकर विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए। पूजन में पीले पुष्प, केला, चने की दाल, गुड़, पंजीरी तथा तुलसी दल अर्पित करना शुभ माना गया है। बिना तुलसी के पूजन अधूरा माना जाता है। अंत में विष्णु चालीसा और आरती के साथ पूजा संपन्न की जाती है। ज्योतिष विशेषज्ञों का कहना है कि यह दिन लंबे समय से लंबित सरकारी कार्य को गति देने, भूमि-भवन अथवा अन्य अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय, नए व्यापारिक अनुबंधों तथा बड़े निवेश के लिए विशेष रूप से अनुकूल है। ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि धार्मिक ग्रंथों में एकादशी को केवल व्रत का दिन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक बताया गया है। श्रद्धा और नियमपूर्वक व्रत एवं पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है तथा मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

# शोभायात्रा 10 अप्रैल को

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में आगामी 10 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा का आयोजन गणेश मंदिर से किया जायेगा। सुभाष पारीक ने बताया कि लोहिया स्टेडियम से शाम को साढ़े 4 बजे से शोभायात्रा रवाना होकर घंटाघर, बस स्टैंड होते हुए नलिया बास में हुलासचंद, इंद्रचंद, ताराचंद तंवर के नोहरे में पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन पर शाम को विराट हिंदू धर्म सभा एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। भजन संध्या प्रकाशदास महाराज के सानिध्य में होगी एवं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता काजल हिंदुस्तानी अहमदाबाद गुजरात से शिरकत करेगी। शोभायात्रा, हिंदू धर्म सभा कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की गई है।

# रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का निर्धारण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर अप्रैल माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को अजीतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आसपुरा, 15 अप्रैल 2026 को पाटन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत डोकन, 22 अप्रैल 2026 को दांतारामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत राजपुरा, 29 अप्रैल 2026 को खण्डेला पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भादवाडी में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# स्वर्णकार समाज की प्रदेश स्तरीय प्रतिभाओं का होगा सम्मान

## 25 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था द्वारा सोनी समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए तिथि व स्थान की घोषणा जल्द ही की जाएगी। शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रवीण मैढ़ व सांवरमल डांवर झुंझुनू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था अध्यक्ष शिवप्रसाद तोषावड़, महामंत्री बजरंग लाल झिंगा, कोषाध्यक्ष राजकुमार एवं कार्यकारिणी द्वारा छात्र-छात्राओं का प्रदेश स्तर पर सम्मान करने का निश्चय किया है जिसमें कक्षा 10 वीं व कक्षा 12 वीं में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड व केंद्रीय शिक्षा बोर्ड अथवा इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन अथवा अन्य बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का प्रदेश स्तर पर सम्मान किया जाएगा। सीबीएसई बोर्ड के विद्यार्थी परिणाम आने के सात दिन बाद तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी इसके लिए 25 अप्रैल तक गूगल फॉर्म में अपना आवेदन कर सकते हैं।

# 11 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी फूले जयंती

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सामाजिक समरसता और जागरूकता के संदेश के साथ महात्मा ज्योतिबा फूले की 199वीं जयंती 11 अप्रैल को सांगानेर क्षेत्र में धूमधाम से मनाई जाएगी। यह आयोजन महात्मा ज्योतिबा फूले टर्मिनल मार्केट में कार्यरत वर्ग और माली सैनी समाज सांगानेर के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। गौरतलब है कि महात्मा ज्योतिबा फूले एक महान समाज सुधारक और शिक्षाविद थे, जिन्होंने शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर उनके विचारों को आत्मसात करने की अपील की है।

# दांडी मार्च दिवस पर कलेक्ट्रेट में गूंजी विश्व शांति की प्रार्थना

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दांडी मार्च सविनय अवज्ञा आंदोलन के अंतर्गत अंग्रेजों के नमक कानून को तोड़ने की ऐतिहासिक तिथि पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांधी विचारधारा से जुड़े लोगों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने विश्व में शांति, भाईचारे और सद्भावना की स्थापना के लिए सामूहिक प्रार्थना की। इस अवसर पर गांधी जीवन दर्शन समिति संयोजक महावीर दड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में विश्व के कई हिस्से युद्ध की विभीषिका से गुजर रहे हैं, जहां सबसे अधिक प्रभावित बच्चे हो रहे हैं। ऐसे में गांधीजी के अहिंसा और शांति के संदेश को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गांधीजी का जीवन हमें सिखाता है कि बिना हिंसा के भी बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान दिनेश सुंडा ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि गांधीजी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समिति के उपाध्यक्ष नरेश खादीवाला ने अपने संबोधन में कहा कि हमें गांधीजी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में शांति और सद्भावना बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं समिति अध्यक्ष निरंजन सिंह ने भी सभी से आपसी भाईचारा बढ़ाने और हिंसा से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर समिति संरक्षक व शिक्षाविद् पीतराम गोदारा, एडवोकेट मुस्ताक खान, समिति सदस्य पूर्व पार्षद मनफूल बिजारणियां, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अम्मीलाल मूंड, पूर्व सरपंच हरिराम चंदवा, सामाजिक कार्यकर्ता विजय गोपाल, एडवोकेट बजरंग दूलड़ व राजन चौधरी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसान नेता धर्मपाल डारा द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

# अंतिमा शर्मा को मिला नि:शुल्क आरएस-सीआईटी प्रशिक्षण

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना संचालित की जा रही है। प्रदेश सरकार की यह योजना न केवल महिलाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बना रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरित कर रही है। योजना अंतर्गत चूरू जिले के बीदासर के वार्ड नंबर 06 निवासी अंतिमा शर्मा को नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण आरएस-सीआईटी प्राप्त करने का अवसर मिला है। अंतिमा बताती हैं कि उनके पिता अशोक कुमार शर्मा मजदूरी का काम करते हैं और उनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति सामान्य है। ऐसी स्थितियों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण की फीस महंगी होने के कारण उन्हें असंभव सा लग रहा था, फिर उन्हें सरकार द्वारा नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण की जानकारी मिली और उन्हें कम्प्यूटर सेंटर से संपर्क कर अक्टूबर, 2025 में एडमिशन लिया। उन्होंने जनवरी, 2026 में ही नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण आरएस-सीआईटी पूर्ण किया है। वह बताती हैं कि अभी वह कॉलेज की पढ़ाई कर रही हैं। अंतिमा बताती हैं कि इस योजना के तहत उन्हें आरएस-सीआईटी का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। यह कोर्स राजस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। अंतिमा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद उनके कंप्यूटर ज्ञान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी मजबूत हुआ है। उन्हें पूरा विश्वास है कि वे आने वाले समय में राजस्थान सरकार की किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करेंगी। अंतिमा शर्मा ने इस अवसर के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यह योजना प्रदेश की महिलाओं को शिक्षा, कौशल और आत्मविश्वास से सशक्त बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ाने का सराहनीय प्रयास है। यह योजना महिलाओं को डिजिटल युग से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे वे नई तकनीकों को सीखकर अपने करियर को नई दिशा दे सकती हैं।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भानु प्रदेश स्तर पर प्रथम



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में खेतड़ी नगर निवासी रामजीलाल सैनी की पुत्री भानु ने कक्षा ग्यारहवीं में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। विमल शर्मा, जेपी गुप्ता ने बताया कि अक्टुबर 2025 में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तंत्वाधान में कक्षा चार से बारहवीं कक्षा तक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें खेतड़ी उपखंड के करीब 3550 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें गोठड़ा की कॅरीयर कैम्पस की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा भानु ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भानु ने प्रथम स्थान प्राप्त कर माता-पिता, गुरूजनों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

# सोमनाथ द्वारका तीर्थ यात्रियों का दल रवाना



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के सिद्धपीठ श्री संकटमोचन वीर हनुमान तालवाले बालाजी मंदिर प्रांगण से भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका और सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के लिए तीर्थ यात्रियों का दल सोमवार प्रातः पुजारी मनोजकुमार इंदौरिया के सानिध्य में रवाना हुआ। श्री ताल श्याम मंदिर के पुजारी राकेश इंदौरिया ने कहा कि सनातन संस्कृति में तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व है। तीर्थ मानव को मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। तीर्थ यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ देश को एक सूत्र में पिरोए रखने का माध्यम भी है। भगवान श्रीकृष्ण की नगरी द्वारका भगवान शिव का सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का पुण्य अर्जित करने जा रहे है सभी यात्री बधाई के पात्र है। इस अवसर पर ओम सारस्वत ने यात्रा पर जा रहे सभी यात्रियों को सफल सुखद और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

# विद्युत करंट से वृद्ध की मौत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय खिचड़ कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति की घरेलू उपकरण में विद्युत करंट के चलते मौत हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार खिचड़ कॉलोनी निवासी प्रकाशचन्द्र माली 60 की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। इसी प्रकार निकटवर्ती गांव आबसर मे भी विनोद स्वामी 37 की भी पानी के कुंड मे डूब जाने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को आवश्यक कार्यवाही के बाद परिजनो को सौंप दिया है।

# सोनी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 12 को जयपुर में

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** स्वर्णकार समाज में वैवाहिक संबंधों को सरल एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 12 अप्रैल को विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन जयपुर में आयोजित किया जाएगा। संयोजक लीलाधर सहदेवडा ने बताया कि झोटवाड़ा स्थित शिव हनुमान मंदिर में सुबह 11 बजे से होने वाले सम्मेलन में बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से युवक-युवतियां एवं उनके अभिभावक भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के योग्य युवाओं को एक मंच पर लाकर पारंपरिक तरीके से परिचय कराना है, जिससे उचित जीवनसाथी के चयन में आसानी हो सके। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों का परिचय, संवाद सत्र और आपसी विचार-विमर्श का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है और सामाजिक एकता मजबूत होती है।

# प्यार के जाल में फंसाकर ड्रग्स सप्लाई करवाने वाली महिला तस्कर और उसके साथी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए युवाओं को प्रेमजाल में फंसाकर ड्रग्स सप्लाई करवाने वाली महिला तस्कर और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 150 ग्राम एमडी ड्रग, 1.987 किलो गांजा और तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मीनू गुप्ता 33 निवासी हनुमान नगर द्वितीय, लालचंदपुरा खोरा बिसल और सिकंदर 29 निवासी संजय नगर झोटवाड़ा शामिल हैं। मामले में पुलिस ने महिला तस्कर से दोस्ती कर उसके तौर-तरीकों की जानकारी जुटाई और उसी रणनीति से कार्रवाई करते हुए उसे दबोचा। थानाधिकारी दिलीप सिंह के अनुसार जांच में सामने आया कि मीनू गुप्ता काफी समय से ड्रग्स तस्करी में सक्रिय थी। वह खुद को राजस्थान होमगार्ड में स्वयंसेवक बताकर लोगों का विश्वास जीतती थी और नए युवकों को प्रेमजाल में फंसाकर उनसे ड्रग्स सप्लाई करवाती थी। साथ ही अपनी ऊंची पहुंच का डर दिखाकर उन्हें पुलिस से बचने के तरीके भी सिखाती थी। पुलिस ने सिकंदर को अंबाबाड़ी क्षेत्र में द्रव्यवती नदी के पास से गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 25 ग्राम एमडी ड्रग और एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई। वहीं खोरा बिसल के लालचंदपुरा क्षेत्र से महिला मास्टरमाइंड मीनू गुप्ता को पकड़ा गया, जिसके पास से 125 ग्राम एमडी और 1.987 किलो गांजा मिला। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पॉश इलाकों, स्कूल-कॉलेजों और फैक्ट्री क्षेत्रों को निशाना बनाकर ड्रग्स सप्लाई करते थे।

सप्लाई के दौरान महिला तस्कर खुद निगरानी रखती थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# एसआई भर्ती-2021 : डमी कैंडिडेट बैठाकर पास हुआ अभ्यर्थी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2024 में दर्ज एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक प्रकरण की जांच के दौरान यह मामला सामने आया। जांच में खुलासा हुआ कि टोंक जिले के अलीगढ़ निवासी सियाराम मीना पुत्र बाबूलाल मीना ने खुद परीक्षा देने के बजाय डमी कैंडिडेट बैठाया था। जांच के अनुसार डमी कैंडिडेट के रूप में हनुमान प्रसाद मीना पुत्र ग्यारसी लाल मीना, निवासी अलीगढ़ टोंक ने परीक्षा दी थी। इसके लिए दोनों के बीच 15 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। एसआई भर्ती-2021 की लिखित परीक्षा 13 सितंबर 2021 को दो पारियों में आयोजित की गई थी, जिसमें डमी कैंडिडेट ने दोनों पेपर दिए। इसके परिणामस्वरूप सियाराम मीना को हिंदी विषय में 200 में से 140.21 अंक और सामान्य ज्ञान में 200 में से 109 अंक प्राप्त हुए जिससे वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया। एसओजी के अनुसार टोंक पुलिस ने लंबे समय से फरार आरोपी सियाराम मीना को गिरफ्तार कर एसओजी को सौंपा। इसके बाद एसओजी ने सोमवार दोपहर उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों व नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। एसओजी ने बताया कि इस प्रकरण में अब तक 63 ट्रेनी एसआई, 6 चयनित एसआई सहित कुल 140 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसी मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है, जिससे भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितताओं का पूरा नेटवर्क उजागर किया जा सके।

# विप्र फाउंडेशन की प्रतिभाओं का सम्मान 12 को

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 12 अप्रैल रविवार को झुंझुनू शहर ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना है। कार्यक्रम में वर्ष 2026 की 10वीं एवं 12 वी कक्षा बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर अभिनंदन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष कमलकांत शर्मा एवं संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस श्रेणी में आने वाले सभी विद्यार्थी 10 अप्रैल शुक्रवार तक अपने संपूर्ण विवरण के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु इच्छुक विद्यार्थी कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया व राकेश सहल के व्हाट्सएप नंबर 9079925571 एवं 9672045888 पर संपर्क कर सकते हैं। इस आयोजन से समाज के होनहार विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेग।

# न्यायालयों के समय में 13 अप्रैल से बदलाव

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से जारी आदेशानुसार सभी अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायालय एवं कार्यालय के समय में बदलाव किया गया है, जो वर्ष 2026 में 13 अप्रैल, 2026 से 28 जून, 2026 तक लागू रहेगा। जारी आदेशानुसार उच्च न्यायालय का समय सवेरे 8 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस बीच सवेरे 10:30 से 11 बजे तक मध्यांतर रहेगा। उच्च न्यायालय में कार्यालय का समय सवेरे 7:30 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा, जिसमें सवेरे 10:30 बजे से 10:45 बजे तक मध्यांतर रहेगा। इसी प्रकार अधीनस्थ न्यायालयों में सवेरे 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक का समय रहेगा, जिसमें सवेरे 10 बजे से 10:15 बजे तक मध्यांतर रहेगा। कार्यालय समय सवेरे 7:30 बजे से दोपहर एक बजे तक का होगा, जिसमें सवेरे 10 बजे से 10:15 बजे तक मध्यांतर रहेगा। पीठासीन अधिकारी सवेरे 07:30 बजे से 8 बजे तक तथा दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 01 बजे तक चैंबर्स में कार्य करेंगे।

# विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 26 अप्रैल को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** समाज के विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा मित्र मंडल एवं अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल, रविवार को प्रात: 11 से 12:30 बजे तक प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय पर चयनित केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है तथा जिले वार कमेटीयों का गठन किया जाकर जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को लेकर समाज के विद्यार्थियों में बेहद उत्साह नजर आ रहा है और अब तक हजारों की तादाद में रजिस्ट्रेशन हुए है। परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 3 अप्रैल है। परीक्षा के झुंझुनू जिला प्रभारी नागरमल जाँगिड़ ने बताया की प्रदेश संयोजक डॉ. दिनेश जांगिड़ सारंग आईआरएस के विशेष प्रयासों से समाज के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 26 अप्रैल को दो वर्गों में किया जाएगा। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकते है। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं को क्रमश: 31 हजार, 21 हजार व 11 हजार नकद पुरुस्कार, संभाग स्तर के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को क्रमश: 5100, 3100 व 2100 रुपए नकद पुरुस्कार तथा परीक्षा केंद्र स्तर पर आने वाले प्रथम प्रतिभागी को 1100 रुपए पुरुस्कार भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। परिक्षा का माध्यम हिंदी व अंग्रेजी दोनों रहेगा तथा सभी प्रश्न बहुविल्पिक होंगे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन हेतु प्रतिभागी 50 रूपये निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन कर सकते है। परीक्षा हेतु सिलेबस जारी कर दिया गया है।

# चेहरे की झुर्रियां और फाइन लाइन्स हटाने के लिए ऐसे करें गुड़ का इस्तेमाल



गुड़ खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। खासतौर पर डायबिटीज के मरीजों के लिए गुड़ एक बेहतर विकल्प है। गुड़ में व्हाइट या ब्राउन शुगर की तुलना में कम मिठास होती है और इसकी न्यूट्रिशनल वैल्यू भी ज्यादा होती है। इसमें मौजूद पोषक तत्वों से कई स्वास्थ्य समस्याओं में फायदा होता है। गुड़ खाने से हृदय, लिवर और पाचन संबंधी समस्याओं में लाभ होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गुड़ ना केवल हमारी सेहत के लिए, बल्कि हमारी स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद है। गुड़ में विटामिन ए, विटामिन बी, आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, जिंक, मैग्नेशियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह एक नेचुरल क्लींजर का काम करता है, जिससे शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। गुड़ में मौजूद जिंक, सेलेनियम और एंटी-ऑक्सीडेंट, फ्री-रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं। गुड़ में मौजूद ग्लाइकोलिक एसिड से त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद मिलती है। यह चेहरे की झुर्रियों, फाइन लाइन्स, मुंहासों और डार्क स्पॉट्स को दूर करने में मदद करता है। आप गुड़ को खाने के साथ-साथ इसे होने चेहरे पर भी लगा सकते हैं।

### त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए खाएं गुड़

रोजाना खाने के बाद गुड़ का सेवन करने से पाचन तंत्र ठीक रहता है और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। यह शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे स्वास्थ्य के साथ-साथ त्वचा को भी लाभ होता है। रोजाना खाने के बाद थोड़ा सा गुड़ खाने से झुर्रियों, फाइन लाइन्स, डार्क स्पॉट्स जैसी समस्याएं दूर होती है और चेहरे पर निखार आता है। अगर आप त्वचा संबंधी समस्याओं से छुटकारा चाहते हैं तो गुनगुने पानी के साथ गुड़ का सेवन कर सकते हैं।

### झुर्रियां और फाइन लाइन्स होंगी दूर

गुड़ में एंटी-एजिंग गुण होते हैं, जिससे चेहरे पर झुर्रियों और फाइन लाइन्स की समस्या को दूर करने में मदद मिलती है। अगर आप झुर्रियों और फाइन लाइन्स की समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं तो एक चम्मच गुड़ में एक चुटकी हल्दी, एक चम्मच अंगूर का रस, एक चम्मच ब्लैक टी और गुलाबजल मिला लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर करीब 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद पानी से चेहरे को धो लें।

### पाएं दमकती त्वचा

अगर आप ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं तो चेहरे पर महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स लगाने के बजाय गुड़ का इस्तेमाल करें। गुड़ में मौजूद ग्लाइकोलिक एसिड, त्वचा पर जमा डेड स्किन सेल्स को दूर करने में मदद करता है। चेहरे पर गुड़ लगाने से त्वचा कोमल और निखरी हुई बनती है। इसके लिए एक चम्मच गुड़ में दो चम्मच शहद और आधा नींबू का रस मिलाएं।

### डार्क स्पॉट्स दूर करने में मिलेगी मदद

अगर आप चेहरे के डार्क स्पॉट्स और दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो गुड़ को टमाटर के रस के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे के दाग-धब्बे कम होने और त्वचा की रंगत में भी सुधार होगा। इसके लिए एक चम्मच गुड़ में एक चम्मच टमाटर का रस, आधा चम्मच नींबू और एक चुटकी हल्दी मिलाएं। इस पैक के इस्तेमाल से चेहरे की झुर्रियों को रोकने में मदद मिलती है। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर करीब 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद पानी से चेहरे को धो लें।

# पेट की मांसपेशियों में कसाव लाना चाहते हैं, तो करें ये एक्सरसाइज

बढ़ती उम्र के साथ पेट के निचले हिस्से में चर्बी बढ़ना और पेट का लटकता हुआ महसूस होना एक आम समस्या है, जो महिला हो या पुरुष दोनों को परेशान कर सकती है। इसकी वजह से कभी-कभी मनपसंद ड्रेस का चुनाव करने में भी परेशानी हो सकती है। यही नहीं, इस फैट के कारण बहुत सी लाइफस्टाइल बीमारियां भी घेर सकती हैं। जिसमें सबसे ज्यादा संभावना शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की रहती है। यहां तक कि आजकल हार्ट अटैक के केस भी बढ़ रहे हैं, जिनका एक कारण शरीर में बढ़ता मोटापा भी है। अगर आप ऐसी ही किसी समस्या से परेशान हैं और इस लटकते हुए पेट के फैट को कम करना चाहते हैं, तो कुछ एक्सरसाइज आपके लिए फायदेमंद हो सकती हैं, जिनके लिए आपको जिम जाने की जरूरत नहीं। आप घर पर भी इन्हें कर सकते हैं। ये सभी योग और व्यायाम आपको जिम से अधिक और जल्दी फायदा दे सकते हैं।



### डम्बल पुश प्रेस

- इस एक्सरसाइज को करते समय आप सीधे खड़े होकर अपने हाथों में डम्बल उठाएं।
- कंधो की ऊंचाई तक डम्बल को उठाकर रखें। ऐसा करते समय आपकी हथेलियां एक दूसरे के सामने होगी।
- अपनी कमर को मज़बूत करके उठक बैठक लगाएं।
- अपने सिर के ऊपर वजन रख कर उठक बैठक करें।
- इस एक्सरसाइज के हर रोज लगभग 3 से 4 सैट हर रोज करें। जिससे हमारे पेट में खिंचाव आए और पेट के एक्स्ट्रा फैट को कम करने में मदद मिलें।

### गॉब्लेट लेटरल लंज

- इस एक्सरसाइज को करने के लिए आपको एक जोड़ी डंबल की जरूरत है।
- सीधे खड़े होकर अपने हाथों से डम्बल को अपने सीने तक लेकर जाएं।
- उसके बाद अपने पैरों को बाहर की तरफ एक कदम बाहर निकालें।
- अपनी एड़ियों को मज़बूत करके अपने हिप्स को पीछे धकेलें।
- जितना हो सके उतना नीचे बैठें।
- एक्सरसाइज के हर रोज दोनों पैर के साथ 4 से 5 सेट करें।
- डम्बल के भार को अपनी क्षमता के अनुसार चुन सकते हैं।

### केटलबेल गोब्लेट स्क्वाट

- अपनी प्रैक्टिस को शुरू करने से पहले 10 से 15 मिनट पहले पहले वार्म-अप करें।
- इस एक्सरसाइज को करते समय केटलबेल को अपनी चेस्ट तक पकड़ें और सीधे खड़े हो जाएं।
- अपने शरीर को नीचे झुका कर अपनी कमर को कस लें।
- फिर अपने हिप्स को पीछे की तरफ धकेलें।
- फिर अपनी एड़ियों के बीच से केटलबेल को ड्राइव करें।
- हर रोज इस एक्सरसाइज के 3 सेट करें।

### बेंच गारहैमर रेज

- इस एक्सरसाइज को करने के लिए आपको एक बेंच की आवश्यकता है।
- इसके बाद अपने हाथों से बैंच को अच्छी तरह पकड़ लें।
- अपने पैरों को सीधा रखें।
- फिर अपने घुटनों को 90 डिग्री तक मोड़ लें।
- अपने पैरों को अपने मुंह तक एक साथ मोड़ें।
- इस एक्सरसाइज को 10 से 15 मिनट तक 3 से 4 सैट में पूरा करें।
- इस एक्सरसाइज से पेट को कम करने में मदद मिलेगी।
- इस एक्सरसाइज को करते समय ध्यान रखें कही आपकी कमर में ज्यादा दर्द तो नहीं हो रहा है।

### लैंडमाइन मीडोज रो

- लैंडमाइन के अंदर एक बोरवेल को सैट करें।
- अगर आपके पास कोई बोरवेल नहीं है तो दीवार के कोने के सहारे का उपयोग कर सकते हैं।
- अब इसके समानांतर हो जाएं।
- फिर मजबूती के साथ बारबेल के सिरे को पकड़ें। अपनी कोहनी को बढ़ाते हुए अपने हिप्स की ओर ले जाएं।
- इस एक्सरसाइज को करते समय अपने हाथों को सीधा रखें। जिससे आप अपने कंधो पर अच्छा खिंचाव महसूस करेंगे।
- जिससे आपके पेट पर असर पड़ेगा। इस एक्सरसाइज को करने से आपको अपने पेट को कम करने में मदद मिलेगी।

# खाली पेट कलौंजी शहद-नींबू खाने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

कलौंजी, शहद और नींबू का मिश्रण सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन करने से आपको वजन कम करने से लेकर शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने और डायबिटीज की समस्या में होने वाली परेशानियों से निजात पाने में भी फायदा मिलता है। कलौंजी, शहद और नींबू तीनों को आयुर्वेद में औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। नींबू में मौजूद विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करती है। वहीं कलौंजी और शहद में मौजूद गुण शरीर से कई बीमारियों के खतरे को कम करने में फायदेमंद माने जाते हैं। कलौंजी और शहद में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो कई बीमारियों में फायदेमंद होते हैं। कलौंजी का इस्तेमाल लगभग हर भारतीय रसोई में मसाले के रूप में किया



जाता है। इसके अलावा शहद और नींबू का सेवन हर व्यक्ति करता है। इन तीनों चीजों को एकसाथ खाने से आपको कई फायदे मिलते हैं। कलौंजी, शहद और नींबू का सेवन खाली पेट करने से आपको वजन कम करने में भी फायदा मिलता है।

**हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या में फायदेमंद :** कलौंजी, शहद और नींबू का सुबह खाली पेट सेवन करने से आपको हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या में फायदा मिलता है। रोजाना सुबह इसका सेवन करने से आपके शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल बढता है और बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में फायदा मिलता है। शहद और कलौंजी शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने बहुत उपयोगी माना जाता है।

**दस्त और मतली की समस्या में फायदेमंद :** कलौंजी, शहद और नींबू का एकसाथ सेवन करने से आपको मतली, दस्त और उल्टी की समस्या में बहुत फायदा मिलता है। इसका सेवन खाली पेट करने से यह एंटी-एसिडिक की तरह से काम करता है। इसका सेवन मतली और उल्टी की समस्या से तुरंत राहत पाने के लिए भी किया जा सकता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** कलौंजी, शहद और नींबू का खाली पेट सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियों में बहुत फायदा मिलता है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से आपको कब्ज, उल्टी और मतली की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

**डायबिटीज में उपयोगी :** डायबिटीज के मरीजों के लिए सुबह खाली पेट कलौंजी, शहद और नींबू का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से आपको ब्लड शुगर कंट्रोल करने में भी फायदा मिलता है।

**स्किन के लिए उपयोगी :** कलौंजी, शहद और नींबू का सेवन स्किन के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। रोजाना इसका सेवन करने से आपको एक्ने, दानें या मुहांसे की समस्या में भी बहुत फायदा मिलता है।

खाली पेट कलौंजी, शहद और नींबू का सेवन करने से आपको स्किन से जुड़ी परेशानियां नहीं होती हैं।

**हार्ट के लिए उपयोगी :** हार्ट को हेल्दी रखने और बीमारियों से बचाने के लिए कलौंजी, शहद और नींबू का खाली पेट सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। आप रोजाना इन तीनों का सेवन कर दिल की बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

# डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए शैंपू में मिलाएं ये चीजें, दूर होंगी कई समस्याएं

डैंड्रफ बालों की सबसे आम परेशानियों में से एक है। लेकिन यह एक समस्या बालों की कई अन्य समस्याओं का भी कारण बन सकती है। जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! बालों के झड़ने का एक बड़ा कारण डैंड्रफ ही है। साथ ही यह स्कैल्प में खुजली का कारण भी बनता है। यह आपके बालों को कमजोर और पतला बनाता है, साथ ही बालों के रोम को पर्याप्त पोषण भी नहीं पहुंचने देता है। यह स्कैल्प में संक्रमण का कारण भी बन सकता है। इसलिए बालों को स्वस्थ रखने के लिए डैंड्रफ का सफाया करना बहुत जरूरी है।

डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए लोग महंगे-महंगे शैंपू प्रयोग करते हैं, फिर भी डैंड्रफ की समस्या लगातार बनी रहती है। साथ ही लोग कई घरेलू नुस्खे भी आजमाते हैं, फिर भी कुछ खास फायदा नहीं मिलता है। कई बार



डैंड्रफ के कारण काफी खुजली होती है, जिसकी वजह से लोगों के सामने शर्मिंदा भी महसूस होना पड़ सकता है।

अब सवाल यह उठता है कि डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए आप क्या कर सकते हैं? क्या आप जानते हैं, शैंपू में कुछ चीजों को मिलाकर लगाने से सिर्फ डैंड्रफ का जड़ से सफाया किया जा सकता है? ऐसा कई नेचुरल चीजें हैं, जो बालों के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं, यहां तक कि ज्यादातर शैंपू में भी इनका प्रयोग किया जाता है।

**एलोवेरा जेल :** इस मिश्रण से कुछ मिनट स्कैल्प की मालिश करें और छोड़ दें, उसके बाद धो लें। एलोवेरा के एंटीऑक्सीडेंट गुण हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने और डैंड्रफ को साफ करने में मदद करेंगे।

**आंवला का रस :** विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर आंवला डैंड्रल का सफाया करने में बहुत लाभकारी है। शैंपू में आंवला का रस मिलाकर स्कैल्प में लगाकर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें, उसके बाद धो लें।

**नींबू का रस :** आंवला की तरह नींबू का रस में भी डैंड्रफ से लड़ने वाले कई औषधीय गुण होते हैं, यह भी डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए एक प्रभावी उपाय है।

**शहद मिलाएं :** शहद एंटिऑक्सिडेंट, एंटी-इन्फ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है, स्कैल्प की एलर्जी और खुजलीदार स्कैल्प के लिए यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। शैंपू में शहद मिलाकर इसे स्कैल्प पर लगाकर कुछ मिनट मालिश करें और छोड़ दें। 5 मिनट बाद धो लें

**तेल मिलाएं :** शैंपू में नारियल तेल और जोजोबा ऑयल मिलाकर लगाने से भी डैंड्रफ की समस्या को आसानी से दूर किया जा सकता है।

# अश्वगंधा, शतावरी और आंवला खाने से सेहत को मिलेंगे ये फायदे

आयुर्वेद में अश्वगंधा, शतावरी और आंवला तीनों को ही इनके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। ये कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर होते हैं। पारंपरिक चिकित्सा में कई गंभीर रोगों को दूर करने के लिए सभी का प्रयोग काफी किया जाता है। तीनों ही स्वास्थ्य के लिए जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। हम में से ज्यादातर लोग इनका सेवन करते हैं, लेकिन अलग-अलग तरीके से और अलग-अलग रूप में। लेकिन क्या आप जानते हैं, अगर आप तीनों का साथ में सेवन करते हैं, तो यह कॉम्बिनेशन न सिर्फ आपको सेहतमंद रखने में मदद करेगा, बल्कि कई अन्य फायदे भी प्रदान करेगा?

### अश्वगंधा

एंटी-एनीमिक गुणों से भरपूर यह जड़ी बूटी शरीर में खून की कमी को दूर करने में बहुत लाभकारी है। साथ ही यह प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और आयरन आदि पोषक तत्वों का भी बेहतरीन स्रोत है।

### शतावरी

शतावरी को महिलाओं के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। यह हार्मोन्स और प्रजनन क्षमता से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में बहुत लाभकारी है। साथ ही यह विटामिन- बी6, सी, फाइबर, प्रोटीन, पोटेशियम, कैल्शियम और आयरन आदि भी भरपूर होती है, जिससे सेहत के लिए बहुत लाभकारी है।

### आंवला

विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आंवला कई स्वास्थ्य समस्याओं का काल है। यह पॉलीफेनोल्स, एल्कलॉइड, फ्लेवोनोइड से भरपूर होता है। साथ ही इसमें आयरन, साइट्रिक एसिड, गैलिक एसिड, और एंटी-बैक्टीरियल गुण भी मौजूद होते हैं।

### खून की कमी करे दूर

शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने और खून की कमी को दूर करने में बहुत लाभकारी है। यह कॉम्बिनेशन एनीमिया (खून की कमी) वाले रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है।

### मस्तिष्क को रखे स्वस्थ

चिंता, तनाव, अनिद्रा, अवसाद जैसी समस्याएं दूर



करने में लाभकारी है। साथ ही इससे दिमाग भी तेज होता है। आप खुश और शांत महसूस करते हैं।

### डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी है

ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। आप सुबह खाली पेट पानी में इन्हें उबालकर या पाउडर डालकर पानी का सेवन कर सकते हैं।

### प्रजनन क्षमता बनाए बेहतर

बांझपन की समस्या को दूर करने और प्रजनन क्षमता में सुधार करने के लिए यह बहुत लाभकारी हैं। यह पुरुष और महिला दोनों में हार्मोनल समस्याएं दूर कर, स्पर्म काउंट बढ़ाने और गुणवत्ता को बेहतर बनाने में भी मदद करता है।

### शारीरिक कमजोरी होती है दूर

नियमित इस कॉम्बिनेशन का सेवन करने से शारीरिक कमजोरी को दूर करने में मदद मिलती है। यह आपको ऊर्जावान बनाता है, साथ ही थकान की छुट्टी करता है।

# रात में सोते समय पैरों के नीचे लगाएं तकिया, शरीर को मिलेंगे ये फायदे

रात को सोते समय आप तकिया कहां रखते हैं? अब आप कहेंगे भई ये कैसा सवाल है। रात को सोते समय तक तकिया सिर के नीचे ही रखा जाता है। लेकिन जरा तकिये को सिर के नीचे से हटाकर पैरों के नीचे रखकर सोकर दिए ये आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। पैरों के नीचे तकिया लगाकर सोने से सेहत को कई सारे फायदे मिलते हैं। पैरों के नीचे तकिया लगाकर सोने से पूरे शरीर का वजन सामान्य रूप से बच जाता है, जिससे शरीर की सूजन, दर्द और कई तरह की प्रॉब्लम से छुटकारा मिल सकता है।



### पीठ के दर्द को करता है कम

ऑफिस में कई घंटों तक लगातार एक ही पोजिशन में बैठकर काम करने से कई बार पीठ में दर्द होने लगता है। रात को पैरों के नीचे तकिया लगाकर सोने से पीठ के दर्द की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। पीठ के दर्द की समस्या से राहत पाने के लिए कम से कम एक सप्ताह तक पैरों के नीचे तकिया लगाकर सोएं।

### पैरों की सूजन होती है कम

हील्ड, कई घंटों तक जूते पहनने के कारण कई लोगों के पैरों में सूजन आ जाती है। पैरों की सूजन कम करने के लिए भी रात को पैरों के नीचे तकिया लगाकर सोने की सलाह दी जाती है। रात को पैरों के नीचे तकिया लगाकर सोने से फ्यूट रिटेंशन कम होता है, जिससे सूजन की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

### शरीर की सुन्नत को करता है खत्म

शरीर में कई बार ब्लड सर्कुलेशन सही न होने की वजह से कोई हिस्सा सुन्न महसूस होने लगता है। रात में अपने पैरो के नीचे तकिया लगाकर सोते हैं तो ब्लड सर्कुलेशन सही होता है और सन्नुत खत्म करने में मदद मिल सकती है।

### साइटिका का दर्द होता है खत्म

साइटिका तंत्रिका का एक टकराता है जो आमतौर पर पैर के निचले हिस्से में दर्द महसूस होता है। इसे साइटिका का दर्द कहा जाता है। पैरों के नीचे तकिया लगाकर सोने से साइटिका का दर्द खत्म करने में मदद मिलती है।

### डिस्क पेन को करता है खत्म

डिस्क पेन में रीढ़ की हड्डी के अत्यधिक घुमाव से आपकी रीढ़ की हड्डी पर दबाव से दर्द हो सकता है। ऐसे में पैरों के नीचे तकिया लगा कर सोने से आप इस दर्द से राहत पा सकते हैं। दरअसल, इससे आपकी डिस्क पर कोई दबाव नहीं पड़ेगा और दर्द से राहत महसूस करेंगे।

## डॉ झवर एक्यूमेन इंडिया फेलो उम्मीदवार चयनित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर के एपेक्स हॉस्पिटल समूह के निदेशक डॉ शैलेश झवर एक्यूमेन इंडिया फेलो उम्मीदवार के रूप में चयनित हुए हैं। पूरे देश से इस वर्ष की इस प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए 20 चिकित्सको का चयन हुआ है, जिसमें से जयपुर से डॉ शैलेश को यह अवसर मिला है। यह सम्मान एपेक्स हॉस्पिटल्स की एक वर्टिकल यूनिट क्रिटिकल केयर होप के प्रभावशाली कार्य एवं अत्याधुनिक टेली-आईसीयू सेवाओं के माध्यम से चिकित्सा सेवाओं को विस्तार देने के लिए मिला है। एक्यूमेन एक वैश्विक प्रतिष्ठित गैर-लाभकारी संगठन है, जो सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए कार्यरत हैं। फेलोशिप में चयन पर खुशी जाहिर करते हुए डॉ शैलेश ने बताया कि जयपुर स्थित टेली-आईसीयू कमांड सेंटर राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब के विभिन्न पार्टनर्स को जोड़ते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में रियल-टाइम विशेषज्ञ सहायता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि एक्यूमेन इंडिया फेलोज समुदाय का हिस्सा बनकर, क्रिटिकल केयर होप को सामाजिक नवप्रवर्तकों के एक विस्तृत नेटवर्क से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

## शहर में निकली विशाल भगवा रैली

### हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प बरसात



निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** शहर में स्थित आदर्श विद्या मंदिर में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी गणों ने रैली में आए हुए अतिथियों का स्वागत व सत्कार किया। विशाल भगवा रैली आदर्श विद्या मंदिर से होकर गोपीनाथजी के मंदिर, बिसायतो का मौहल्ला, पोस्ट ऑफिस, पुराना बस स्टैंड, शाकंभरी गेट, घूमचक्कर, नई सब्जी मंडी, चुंगी नंबर 3, जांगिड़ कॉलोनी, टीटेडा, मुख्य बाजार होते हुए शाखा स्थल तक पहुंचकर रैली विसर्जन हुआ। विशाल भगवा रैली का शहर में जगह-जगह स्वागत सम्मान व पुष्प वर्षा हुई। भगवा रैली में पहुंचने वाले लोगों का व्यापारियों की ओर से जगह-जगह फल, एपेय पदार्थ, खाने-पीने की व्यवस्था करते हुए आवभगत की गई। भगवा रैली में तरह-तरह की झांकियां सजाई गई थी। भगवा रैली को देखने के लिए आसपास के गांव के लोग की भीड़ चारों ओर दिखाई दे रही थी। भगवा रैली में दर्जनों डीजे की धुन पर लोग नृत्य करके आनंद महसूस कर रहे थे। भगवा रैली पर हेलीकॉप्टर द्वारा सीकर व जयपुर हाईवे पर व उदयपुरवाटी झुंझुनू रोड पर हेलीकॉप्टर द्वारा निकाली गई भगवा रैली पर दर्जनों बार पुष्प वर्षा की गई। भगवा रैली में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं व पुरुषों द्वारा जय श्री राम के नारो से पुरा शहर गूंज उठा। थाना अधिकारी राम पाल मीणा के नेतृत्व में भगवा रैली की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसपास के दर्जनों थानों की पुलिस व आरएसी के सैकड़ों जवान लगाए गए थे। भगवा रैली को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सीकर-जयपुर हाईवे व झुंझुनू-उदयपुरवाटी हाईवे पर वनवे की व्यवस्था करके आवागमन के लिए रास्ता खुला रखा जिससे वाहनों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व सामाजिक लोगों के नेतृत्व में शहर में शांतिपूर्वक भगवा रैली निकाली गई।

## चाय की थड़ी में आग के बाद गैस सिलेंडर ब्लास्ट

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** करणी विहार थाना क्षेत्र में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि एक चाय की थड़ी में आग लगने के बाद गैस सिलेंडर में हुए विस्फोट से इलाके में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार घटना धावास क्षेत्र की है, जहां खाली जगह पर संचालित एक चाय की थड़ी सोमवार रात बंद कर दी गई थी। थड़ी मालिक रोज की तरह दुकान लॉक कर घर चला गया। देर रात करीब 2 बजे बंद थड़ी में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही करणी विहार थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था कि इसी दौरान थड़ी में रखा गैस सिलेंडर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि सिलेंडर के टुकड़े दूर-दूर जा गिरे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी, फायरकर्मी और स्थानीय लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे। थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल रहा, वहीं पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने और गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग की अपील की है।

## ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के राजस्थान खिलाड़ियों का चयन 15 अप्रैल से

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग सीजन-1 नॉर्थ जोन के लिए राजस्थान के खिलाड़ियों के लिए 15 अप्रैल 2026 से चयन शुरू होगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के चेयरमैन सोमनाथ गाबा, आयोजक रवि कुमार गाबा एवं हरिपुर यमुना नगर के विनय कंबोज ने बताया कि इस लीग का आयोजन 16 जून से 21 जून के बीच समाना बाहु कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। जिसमें राजस्थान सहित हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजकों का उद्देश्य इस लीग को नॉर्थ जोन की एक प्रमुख टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में स्थापित करना है। लीग के पोस्टर और जर्सी का अनावरण करने के बाद आकाश चोपड़ा ने खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए तथा लीग के शुभारंभ की घोषणा की। उनकी उपस्थिति से इस कार्यक्रम का उत्साह और भी बढ़ गया और युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली। आयोजकों का कहना है कि इस लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच मिलेगा तथा खेल के प्रति युवाओं में उत्साह को भी बढ़ावा मिलेगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के माध्यम से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। चीफगेस्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि किसी खिलाड़ी मे अगर हुनर है तो उसे एक मंच मिलेगा। आजकल टेनिस क्रिकेट को लेकर जैसा क्रेज और पैशन लोगों में पाया जा रहा है

# डीएमएफटी बैठक: नई गाइडलाइन के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में झुंझुनू सांसद बृजेंद्र ओला, झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, सूरजगढ़ विधायक श्रवण चौधरी, मंडावा विधायक रीटा चौधरी, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी तथा पिलानी विधायक पितराम सिंह काला उपस्थित रहे।

बैठक में सदस्य सचिव एवं जिला परिषद के सीईओ कैलाश यादव ने केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 में जारी नई गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी ट्रस्टियों को इसके प्रावधानों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र यथा स्वास्थ्य, पेयजल, पर्यावरण, शिक्षा, महिला कल्याण, कौशल प्रशिक्षण इत्यादि पर 70 फीसदी व अन्य क्षेत्रों में अधिकतम 30 फीसदी व्यय किया जा सकेगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी संबंधित विभाग नई गाइडलाइन के अनुरूप अपने प्रस्ताव तैयार कर आगामी 15 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से भिजवाएं, ताकि उन्हें समय पर स्वीकृति प्रदान की जा सके। गौरतलब है कि नई गाइडलाइन के अनुसार खनन से प्रभावित क्षेत्र की परिधि अधिकतम 15 से 25 किलोमीटर मानी जाएगा। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी आवश्यक सेवाओं के विकास को प्राथमिकता मिलने की उम्मीद है। बैठक में अधिकारियों ने यह भी कहा कि योजनाओं के चयन में पारदर्शिता और क्षेत्रीय आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि डीएमएफटी फंड का अधिकतम लाभ वास्तविक जरूरतमंद क्षेत्रों तक पहुंच सके।

## यूजीसी बिल के विरोध में निकाली रैली

निसं

**लोसल (नवयत्न)।** प्रस्तावित यूजीसी बिल को लेकर सोमवार को सर्वण समाज ने आक्रोश रैली निकाली। सर्वण समाज के लोगों ने प्रमुख मार्गों से आक्रोश रैली निकाली और केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रैली निकाली जाने से पहले गढ़ चौक में प्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया और कहा कि जब तक इस बिल की विसंगतियों को दूर नहीं किया जाता अथवा वापस नहीं लिया जाता तब तक आन्दोलन नहीं रूकेगा। यह प्रस्तावित यूजीसी बिल सर्वण समाज के लोगों के हितों के साथ कुठाराघात है। यह बिल शैक्षणिक ढांचे को प्रभावित करेगा। सर्वण समाज के युवाओं के साथ खिलवाड़ है। गढ़ चौक से फिर यह आक्रोश रैली मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड पर पहुंची। इसके बाद सरकार के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

## चौधरी देवीलाल की 25वीं पुण्यतिथि पर युवाओं ने दी श्रद्धांजलि



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 25वीं पुण्यतिथि पर नोखागांव में जगत ताऊ चौधरी देवीलाल लाइब्रेरी के युवाओं द्वारा उनकी आदमकद प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। संस्थान के जगदीश गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने चौधरी देवीलाल के विचारों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों, गरीबों और आमजन के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उनकी नीतियां और संघर्ष आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर युवाओं ने एकजुट होकर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में शिक्षा व जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कई युवा साथी मौजूद रहे।

# राजस्थान फिजियो समिट-2026 का आगाज

## देशभर के विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीकों पर की चर्चा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में सोमवार से दो दिवसीय श्राजस्थान फिजियो समिट-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। फिजियोथेरेपी से फिजियोपैथी थीम पर आयोजित इस समिट के पहले दिन देशभर से आए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उद्घाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने फिजियोथेरेपी के बदलते स्वरूप, आधुनिक तकनीकों और स्वास्थ्य क्षेत्र में इसकी बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समिट में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद येओले, एम्स जोधपुर के अध्यक्ष डॉ. एस.एस. अग्रवाल सहित विभिन्न संस्थानों के प्रमुख भी मौजूद रहे। स्वागत उद्बोधन प्रो. डॉ ध्रुव तनेजा ने दिया। प्रो. डॉ. ध्रुव तनेजा ने बताया कि तकनीकी सत्रों में देशभर के विशेषज्ञों ने रिसर्च, क्लिनिकल प्रैक्टिस और नई उपचार पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. अली ईरानी, डॉ. आलाप शाह, डॉ. नितेश बंसल, डॉ. पल्लव भटनागर और प्रो. डॉ एम. बालागणपति शामिल रहे, जिन्होंने फिजियोथेरेपी के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। दोपहर बाद आयोजित सत्रों में डॉ. अतुल शर्मा, डॉ. कपिला जैन, डॉ. सुरेश नागर और डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने फूट बायोमैकेनिक्स, न्यूरोलॉजिकल कंडीशंस, कैंसर उपचार में फिजियोथेरेपी की भूमिका सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन हुआ। प्रतिभागियों ने सवाल-जवाब के माध्यम से सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किए। इसके अलावा रामबाबू शर्मा, राजेंद्र चौधरी, अनिल गुप्ता और हरीश राजानी का भी विशेष सहयोग रहा। आयोजन अध्यक्ष डॉ. दीपक सिंह ने बताया कि समिट का उद्देश्य फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन, नवाचार को बढ़ावा देना, शोध को प्रोत्साहित करना तथा चिकित्सकों और छात्रों के बीच संवाद स्थापित करना है। दिनभर चले सत्रों ने प्रतिभागियों को नई तकनीकों और व्यावहारिक जानकारी से समृद्ध किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ पहले दिन का समापन हुआ। समिट का दूसरा दिन भी विभिन्न विशेषज्ञ सत्रों और चर्चाओं के साथ जारी रहेगा।

## ब्लूटूथ नकल कांड: 10 साल से फरार आरोपी एसओजी के हत्थे चढ़ा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2015 परीक्षा में ब्लूटूथ के जरिए नकल कराने के बहुचर्चित मामले में फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार था और उसकी तलाश की जा रही थी। एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नवल किशोर निवासी मंडावरी, दौसा है जिसे शनिवार को दबिश देकर पकड़ा गया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और गिरोह से जुड़े अन्य तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। जानकारी के अनुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से अगस्त 2015 में कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार के पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में संगठित गिरोह ने बाड़मेर, जालोर, जोधपुर सहित विभिन्न स्थानों से मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से अभ्यर्थियों को नकल करवाई थी। जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य अलग-अलग स्थानों पर एकत्र होकर परीक्षा शुरू होने के बाद मोबाइल के जरिए प्रश्न-पत्र प्राप्त करते थे। इसके बाद विषय विशेषज्ञों से प्रश्न हल करवाकर ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से परीक्षा केंद्रों पर बैठे अभ्यर्थियों तक उत्तर पहुंचाए जाते थे। आरपीएससी जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी नवल किशोर को परीक्षा से पहले ही ब्लूटूथ किट उपलब्ध करवाई गई थी। वह ब्लूटूथ डिवाइस पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश किया और दोनों पारियों में संदिग्ध मॉड्यूल के जरिए नकल की। मामले के खुलासे के बाद आरपीएससी ने उसे परीक्षा और साक्षात्कार से डिबार कर दिया था। एसओजी के अनुसार इस प्रकरण में अब तक गिरोह के मास्टरमाइंड सहित कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें मोहनलाल विश्नोई जालेली जोधपुर, जगदीश ज्याणी दाता जालोर, जगदीश विश्नोई खारा करड़ा जालोर, ओमप्रकाश ढाका पुर जालोर, बंटू उर्फ जोगाराम जाट खारा करड़ा जालोर, पम्माराम विश्नोई पटवारी मालवाड़ा जालोर, शिक्षक रामनिवास विश्नोई भादेराना जालोर, शिक्षक मनोहरलाल सुथार कारोला जालोर और पीटीआई हरीराम विश्नोई बूल बाड़मेर सहित अन्य शामिल हैं। एसओजी अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के नेटवर्क और अन्य संभावित संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## 19 मई को मनाया जाएगा एब्डॉमिनल कैंसर डे

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण पेट से जुड़े कैंसर एब्डॉमिनल कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनती जा रही है। इसी को देखते हुए डॉ. संदीप जैन के नेतृत्व में एब्डॉमिनल कैंसर ट्रस्ट द्वारा, फोर्टिस हॉस्पिटल और आईआईईएमआर के सहयोग से 19 मई को एब्डॉमिनल कैंसर डे मनाया जाएगा। डॉ. संदीप जैन ने बताया कि इस वर्ष की थीम फाइट कैंसर विद अवेयरनेस रखी गई है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है। फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉ. मनीष अग्रवाल ने कहा कि समय पर जांच और जागरूकता से कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत कोलन, लिवर, पैंक्रियाटिक, गैस्ट्रिक, गॉल ब्लैडर, एपेंडिक्स और इसोफेजियल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

## पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि मनाई



निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** राष्ट्रीय जाट महासंघ के जिला संयोजक मनरूप सिंह मांठ की अध्यक्षता में चिड़ावा स्थित महालक्ष्मी ज्वैलर्स पर पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल (ताऊ) की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में जिला प्रभारी कैप्टन कुलदीप मान ने ताऊ देवीलाल की जीवनी पर प्रकाश डाला। जिला सचिव हरीश फोगाट ने बताया कि चौधरी देवीलाल देश व समाज हितैषी महापुरुष थे, जिनसे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर मुकेश बराला, महेंद्र सिंह, राहुल कुमार, संजय, शक्ति सिंह, राजेन्द्र कुमार, अमित, सुमेर सिंह गढला व सतीश कुमार ने पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल (ताऊ) को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अग्निवीर के तौर पर शामिल होने के लिए पंजीकरण 10 अप्रैल तक बढाए

**जयपुर (नवयत्न)।** अग्निवीर और रेगुलर कैडर के सैनिक के तौर पर भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण की सीमा 10 अप्रैल 2026 तक बढ़ा दी गई है। राजस्थान के रहने वाले जो युवा उम्मीदवार अभी तक आवेदन नहीं कर पाए है, उन्हें इस मौके का फायदा उठाने और भारतीय सेना में भर्ती के लिए जल्द से जल्द अपना पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और अग्निवीर तथा रेगुलर कैडर सैनिक के तौर पर गर्व के साथ देश की सेवा करने की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ाए। जन संपर्क अधिकारी रक्षा जयपुर राजस्थान ले. कर्नल निखिल धवन के अनुसार इच्छुक उम्मीदवार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमैन 10वीं पास, अग्निवीर ट्रेडसमैन 8वी पास श्रेणियों के साथ साथ जेसीओ/ओआर रैंक के लिए धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी, हवालदार शिक्षा, सिपाही फार्मा और सैनिक तकनीकी नर्सिंग असिस्टेंट/नर्सिंग असिस्टेंट वेटनरी के लिए भी आवेदन कर सकते है। महिला उम्मीदवार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी महिला सेना पुलिस के लिए आवेदन कर सकती है। भर्ती वर्ष 2027 के लिए पंजीकरण जेआईए ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर 10 अप्रैल 2026 तक की जा सकती है।

## 9 अप्रैल को नशे के खिलाफ दौड़ेगा झुंझुनू का युवा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले में नशे के बढ़ते कारोबार के खिलाफ और युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ के नेतृत्व में आगामी 9 अप्रैल को एक विशाल मैराथन दौड़ रन अंगेस्ट ड्रग्स का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य आयोजन एनएसयूआई के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती स्टेडियम से शुरू होगा, जिसमें हजारों युवाओं के जुटने की संभावना है। विदित रहे कि इससे पहले भी जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ के नेतृत्व में जिले में नशे के खिलाफ एक ऐतिहासिक मशाल जुलूस निकाला गया था, जिसने पूरे प्रदेश में चर्चा बटोरी थी। जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ अकेले मोर्चे पर डटे जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ ने बताया कि मशाल जुलूस के बाद अब मैराथन के जरिए युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## बीएसटीसी भर्ती फर्जीवाड़ा

### डमी कैंडिडेट बैठाने वाले 12 वांटेड आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर (नवयत्न)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बीएसटीसी प्री-डीएलएड भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 साल से फरार 12 वांटेड आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा दिलवाने के नेटवर्क से जुड़े थे। एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2019-20 में बीकानेर से आयोजित बीएसटीसी परीक्षा में धांधली सामने आई थी। फरवरी 2021 में पाली जिले के रोहट थाना पुलिस ने अशोक सारण पुत्र केसाराम विश्नोई को संदिग्ध रूप से पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास मुख्य अभ्यर्थियों की जगह रुपए लेकर डमी कैंडिडेट से परीक्षा दिलवाने से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए थे। एसओजी द्वारा अशोक सारण से पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि अभ्यर्थियों ने पैसे देकर अपनी जगह डमी कैंडिडेट बैठाए थे। शिक्षा विभाग से प्राप्त दस्तावेजों और एफएसएल जांच में हस्ताक्षर व लिखावट मेल नहीं खाने पर फर्जीवाड़ा प्रमाणित हुआ। डीआईजी परिस देशमुख के निर्देश पर एसआई भर्ती परीक्षा-2025 के दौरान नकल रोकथाम और वांटेड आरोपियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी दौरान परीक्षा देने पहुंचे आरोपियों को चिन्हित कर एसओजी टीमों ने कार्रवाई की। एसओजी ने उदयपुर से 11 और भरतपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया।


### नाम परिवर्तन

मैं LADEN KHILJI S/O RAMJAN निवासी लाल कुएं के पास वार्ड नं 20 रतनगढ़ जिला चूरू राज.। मैंने मेरा नाम LADEN से बदलकर LADEN KHILJI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

### खोया-पाया

मेरे नाम से एक पासपोर्ट नं पी 7488755 बना हुआ है। जो कि दिनांक 10-12-2025 को पासपोर्ट की फोटो कॉपी करवाने जाते समय झुंझुनू में कही गुम हो गया। अगर किसी को मिले तो निम्न पते पर सम्पर्क करें।

**युसुफ पुत्र राजु**
निवासी-वार्ड नं. 2, मोहल्ला चेजारान, झुंझुनू, तहसील व जिला-झुंझुनू (राज.)

### नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र का स्कूल रिकॉर्ड में नाम चिराग (CHIRAG) दर्ज है। जबकि उसका सही नाम चिराग चौधरी (CHIRAG CHOUDHARY) है भविष्य में मेरे पुत्र को चिराग चौधरी (CHIRAG CHOUDHARY) के नाम से जाना व पहचाना जावें व स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

**विकास कुमार पुत्र रामेश्वर लाल**
**निवासी-हमीरी कलां, तहसील-मलसीसर, जिला-झुंझुनू (राज.)**

### आम सूचना

मेरे पति विजेन्द्र सिंह पुत्र प्रहलाद के नाम से एक वाहन इर्टिका नंबर आर.जे. 18 यू.सी. 1097 मॉडल 2025 है। यह कि मेरे पति की मृत्यु दिनांक 09-10-2025 को हो चुकी है। अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहती हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय झुंझुनू में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**भंवरी देवी पत्नी स्व. विजेन्द्र, जाति-नाई**
**निवासी-नांद, तहसील-बिसाऊ, जिला-झुंझुनू (राज.)**

# इंस्पायर अवार्ड में छात्र प्रेरक का चयन

निसं



**नवलगढ़ (नवयत्न)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरजनपुरा के प्रतिभाशाली छात्र प्रेरक का चयन प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड में होने पर विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। यह उपलब्धि छात्र की कड़ी मेहनत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का सुखद परिणाम है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार छात्र ने अपनी नवाचारी सोच और विशेष विज्ञान परियोजना के माध्यम से यह राष्ट्रीय सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए नई प्रेरणा दी है। प्रधानाध्यापक प्रहलाद सिंह डूडी ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र की सफलता पर गर्व जताया। कार्यक्रम के अंत में अध्यापक महेश कुमार, रामचंद्र पिलानियां, फैयाज सर एवं सरोज मैम ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। सन्दीप सिंह ने बताया कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है कक्षा 8 के छात्र मोहित कुमार व प्रेरक ने ए ग्रेड प्राप्त की और नितेश व सपना ने बी ग्रेड प्राप्त की है।

# प्रिंस कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित





सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जयपुर बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज में एनआईआईटी लिमिटेड, गुरुग्राम द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कम्पनी के एसोसिएट रिसोर्स ऑफिसर मनोज कश्यप एवं सीनियर काउंसलर नेहा जैन के गाइडेंस में आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रिंस कॉलेज में अध्ययनरत एवं पासआउट 29 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें 19 विद्यार्थियों को अंतरिम रूप से चयनित किया गया है। प्रिंस कॉलेज प्राचार्य डॉ मनीष यादव ने बताया कि अंतिम रूप से चयनित प्रतिभागियों को एचडीएफसी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर नियुक्ति दी जायेगी।

प्लेसमेंट ड्राइव में प्रिंस कॉलेज कॉर्डिनेटर कुलदीप सिंह एवं प्रबंधन सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने समझाए कृष्ण नीति के सूत्र

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई दिग्गजों ने नवाया शीश



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति के केंद्र बांगुर नगर में आयोजित चार दिवसीय कृष्ण नीति दर्शन कथा का सोमवार को भव्य समापन हुआ। श्री सीमेंट लिमिटेड की सीएसआर इकाई, श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक महाकुंभ ने न केवल ब्यावर बल्कि आसपास के क्षेत्रों को भी कृष्णमय कर दिया। पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज के श्रीमुख से निसृत कृष्ण दर्शन और नीति के संदेशों ने श्रोताओं को जीवन प्रबंधन का नया मार्ग दिखाया।

### हनुमान जन्मोत्सव और रथ यात्रा का आकर्षण

कथा के अंतिम दिन का विशेष आकर्षण श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर का वार्षिक उत्सव रहा। स्वामीजी के मार्गदर्शन में भगवान हनुमान की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बांगुर परिवार के सदस्यों ने हनुमानजी की प्रतिमा को रथ पर विराजित किया। इस शोभायात्रा में श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक नीरज अखौरी सहित वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत की धुनों पर झूमते हुए भाग लिया। समापन अवसर पर मंदिर में विशेष पूजन, हवन और सामूहिक कल्याण के लिए आशीर्वाद लिया गया।

### दिग्गज राजनेताओं और गणमान्य जनों का जमावड़ा

इस आध्यात्मिक संगम में कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, अजमेर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, जिला कलेक्टर कमलराम मीणा और एसपी रतन सिंह सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। जनप्रतिनिधियों में मसूदा विधायक वीरेंद्र कानावत, ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत और डीडवाना विधायक यूनुस खान ने भी व्यासपीठ के दर्शन किए। साथ ही आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम, क्षेत्रीय संघचालक डॉ रमेश अग्रवाल, वीएचपी के नरपत सिंह शेखावत, राधेश्याम गौतम और सोजत से पधारे बचनाराम महाराज सहित कई विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

### व्यापार के साथ सांस्कृतिक मूल्यों का समन्वय

श्री सीमेंट के एमडी नीरज अखौरी ने कहा कि संस्था का दृष्टिकोण केवल व्यापारिक विकास तक सीमित नहीं है। हम समाज के सांस्कृतिक और नैतिक उत्थान के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। ऐसे आयोजन समाज में सामंजस्य और जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं।

### स्वामीजी का संदेश- कर्म ही धर्म

कथा के समापन पर स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज ने श्रीकृष्ण की नीतियों का सार समझाते हुए कहा कि फल की चिंता किए बिना कर्तव्य पथ पर अडिग रहना ही वास्तविक कृष्ण नीति है। उन्होंने ज्ञान से जीवन दिशा और सेवा के सिद्धांत पर जोर देते हुए नैतिक नेतृत्व और निस्वार्थ सेवा को जीवन का आधार बताया।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया

## भाजपा का लक्ष्य देश सेवा का है : अग्रवाल




निसं

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा का 47वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय में समारोहपूर्वक सोमवार को मनाया गया। भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री, राज्यसभा सदस्य व संगठन के राजस्थान प्रभारी डॉ. राधामोहनदास अग्रवाल मुख्य वक्ता रहे। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री अजीत मांडण, यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, जिले के संगठन प्रभारी अभिषेक मटोरिया, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, केडी बाबर व राजकुमारी शर्मा, अनिता गुर्जर, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी, महेश शर्मा, इंद्रा चौधरी व डॉ. कमल सिखवाल, पूर्व प्रदेश मंत्री मधू कुमावत, शंकरलाल यादव आदि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मां भारती व पार्टी के संस्थापक सदस्यों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दुपट्टा, साफा व माला पहनाकर मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। संचालन जिला महामंत्री राजेश रोलन ने किया। भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री, राज्यसभा सदस्य व राजस्थान के संगठन प्रभारी डॉ. राधामोहनदास अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की स्थापना से ही देश सेवा का लक्ष्य रहा है ना की सत्ता पाना। कहा कि भाजपा के संस्थापकों ने राष्ट्रवादी विचारधारा के लिए अपने प्राणों की भी आहूति दे दी। कहा कि किसी भी संगठन के लिए विचारधारा महत्वपूर्ण होती है जो कि भाजपा में ही है। भाजपा ऐसा संगठन है जिसमें संगठन से बड़ा कोई नहीं है। कहा कि जनसंघ की स्थापना के बाद भाजपा की स्थापना की गई। राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर ही आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन भाजपा है। कहा कि संगठन के इतिहास में आज तक कोई समझौता नहीं किया है। क्योंकि भाजपा विचारधारा आधारित व्यवस्था है ना की नेताओं पर आधारित। उन्होंने कहा कि भाजपा में व्यक्ति महत्वपूर्ण नहीं है बल्की भारत माता व संगठन के प्रति समर्पण की भावना महत्वपूर्ण है। कहा कि सीकर के ही निवासी राजस्थान भाजपा के प्रथम अध्यक्ष रहे स्व. जगदीश प्रसाद माथुर की तीसरी पीढ़ी भी आज आपके जिले के संगठन में मीडिया संयोजक के रूप में समर्पण की भावना के साथ काम रही है। उन्होंने कहा कि भारत को आजाद करवाने के लिए लिखे गए वंदे मातरम के लिए हजारों कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया था। उसी वंदे मातरम को आज भारत सरकार ने सरकारी कार्यालयों में भी गायन अनिवार्य किया है। कहा कि भाजपा ने तय किया था कि जिसका जो स्थान है उसे वह मिलना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों में जो भी कमियां रही है उन्हें दूर करते हुए कार्यकर्ताओं को काम में लगना चाहिए। कहा कि दो सांसदों से शुरू हुई भाजपा आज लगातार तीसरी बाद केंद्र की सत्ता में है और देश के 13 राज्यों में भाजपा व 18 राज्यों में एनडीए की सरकार है जो आमजन की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। धारा 370 को खत्म किया, देश में नक्सलवाद को खत्म किया, धार्मिक आस्था के केंद्र राम मंदिर का निर्माण हुआ। कहा कि भाजपा के शासन में आज भारत चौथी अर्थव्यवस्था है और आने वाले दिनों में तीसरी अर्थ व्यवस्था होगी। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने स्वागत भाषण में कहा कि भाजपा की स्थापना से लेकर आज तक सीकर जिला संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने वाला जिला है। यहां प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर देश की सेवा में लगा हुआ है। कहा कि संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए दायित्ववान कार्यकर्ता हमेशा मेहनत के साथ लगा हुआ है। कहा कि केंद्रीय व प्रदेश स्तरीय संगठन के कार्यों को पूरा करने में कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ता है।

### लोकतंत्र सेनानियों व जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में आपातकाल के जेल गए लोकतंत्र सेनानियों व जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान जिला महामंत्री रामावतार रूंथला, पूर्णमल गुर्जर, अजय खर्रा, आशीष तिवाड़ी, जितेंद्र सिंह कारंगा, रमेश जलधारी, बनवारी यादव, नेमीचंद कुमावत, प्रभुसिंह सेवद, सुमित्रा सैनी, सुमन वर्मा, अर्चना पारीक, करण सिंह, श्रीहरि बियाणी, प्रभुसिंह गोगावास, अनिता शर्मा, तेजप्रकाश सैनी, शोभसिंह अनोखू, राजकुमार महला, सुरेश सैनी, रामावतार बड़सरा, भंवरी खोखर, निश्चय जीनगर, नीलम मिश्रा, अशोक चौधरी, महेश वर्मा, फूलचंद कुमावत, गोविन्द बिजारणियां, फूलचंद बाजिया, अनुराधा, प्रियंका बाजिया, रामचंद्र बगडिया, दाताराम गुर्जर, गोविंद सैनी आदि मौजूद रहे।

### पार्टी कार्यालय पर किया झंडारोहण

भाजपा के स्थापना दिवस पर राजस्थान प्रभारी डॉ. राधामोहनदास अग्रवाल ने शीर्ष नेतृत्व के साथ पार्टी कार्यालय पर झंडारोहण किया। वहीं कार्यालय पर लगे सौर ऊर्जा यूनिट का भी विधिवत बटन दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

# भाजपा नेताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर गांधी चैक स्थित शहर मंडल भाजपा कार्यालय पर झंडा फहराकर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया। झंडा फहराने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। इसके पश्चात मंडल कार्यालय में स्थापना दिवस पर संगोष्ठी आयोजित हुई। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने की।

जिसमें पूर्व खनिज राज्य मंत्री खेमाराम मेघवाल, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, बुद्धिप्रकाश सोनी, अंजनी कुमार रांकावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सोनी, निवर्तमान उपनेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजरणीया, निवर्तमान पार्षद पंकज घासोलिया, महामंत्री प्रकाश भार्गव, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, गंगाधर लाखन आदि ने पार्टी के इतिहास, रीति नीति और राष्ट्रोत्थान में पार्टी के योगदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का प्रारंभ वरिष्ठ कार्यकर्ता नवरत्न पुरोहित के द्वारा वंदे मातरम गान के साथ किया गया। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति के साथ एकजुट रहकर पार्टी का कार्य करने व आगामी नगर परिषद चुनाव में विजय श्री हासिल करने का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई प्रेषित की और कहा कि असंख्य कार्यकर्ताओं ने संगठन को बनाने में अपना तन मन धन और सर्वस्व न्योछावर कर दिया व उनके द्वारा किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि आज पार्टी 145 करोड़ देशवासियों की सेवा कर रही है। जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा संगठन की मजबूती और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया।

कार्यक्रम में मंडल कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, मंडल उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, गोपाल पारीक, सुमन सामरिया, मंडल मंत्री मुरारी गोवला, निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, रेंवतमल पवार, हरिओम खोड, गणेश मंडावरिया, रविन्द्र पाण्डे, प्रेम स्वामी, पन्नालाल सोनी, शोभाग कंवर, सीताराम माली, नरेंद्र गुर्जर, गोविंदराम मूलचंदानी, विकास कुमार सोनी, श्रवण सिंह राठौड़, दीपक बागड़ा, जगदीश नाथ, सुरेश शर्मा, गौतम जोशी, विश्वदीपक काछवाल, कृष्ण रेवाड़, विक्रम सिंह, कैलाश प्रजापत, मयंक भाटी, रमेश कुमार जोशी, कृष्णा कुमावत, विनोद सोनी, मुरली सेन, श्रीराम बिहानी आदि उपस्थित रहे।

समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन मंडल महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया।

# विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ सफाई के प्रति किया जागरूक



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** ममता संस्थान के सहयोग से महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीम तारानगर में डिटॉल हाइजीन एजुकेशन प्रोग्राम के तहत स्वच्छता सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफसफाई के प्रति जागरूक करना रहा संस्था सत्र के दौरान ममता संस्थान द्वारा बच्चों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने साफ वातावरण बनाए रखना बीमारियों के बचाव के उपायों की जानकारी दी गई ममता संस्थान की ब्लॉक कॉर्डिनेटर सुनीता चौधरी ने बच्चों को हाथ धोने के सही तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया उन्होंने बच्चों को बताया कि भोजन से पहले और बाद में हाथ धोना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

खाना खाने से पूर्व सभी बच्चों को विधिवत तरीके से हाथ धुलवाए गए ताकि स्वच्छता की आदत व्यवहार में उतारी जा सके इस दौरान संस्था प्रधान डॉ. अशोक जांगिड़ व समस्त स्टाफने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए ममता संस्थान को धन्यवाद दिया।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया




निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय में मनाया गया। इस दौरान पार्टी का ध्वज फहराया गया और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जो लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। भाजपा नेता बजरंग गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करते हुए पार्टी लगातार देशहित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, मंडल महामंत्री दीपक मुरारका, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया लाल चौमाल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुण पचलंगिया ने किया।

इस अवसर पर मुख्य जिला प्रवक्ता कौशल्या सैनी, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रूंथला, मंडल मंत्री भीमराज प्रजापत, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशनलाल घोड़ेला, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप सैनी, रामदेव चंदनिया, परमेश्वर सिहाग, निखिल इंदौरिया, शंभु लाटा, सुनील शर्मा, महेश इंदौरिया, राजेन्द्र चांदगोठिया, महेंद्र सिंह, सीताराम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# जश्न की जुबान हूँ मैं रिलीज

**जयपुर (नवयत्न)।** अश्विन महाराज द्वारा प्रस्तुत नया म्यूज़िक ट्रैक जश्न की जुबान हूँ मैं रिलीज हो गया है। बाली की खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्माया गया यह गाना ग्लैमर, म्यूजिक और सेलिब्रेशन का आकर्षक संगम पेश करता है। गाने का निर्देशन स्वयं अश्विन महाराज ने किया है जबकि कोरियोग्राफी आनंद भाकुनी ने संभाली है। वीडियो में अप्रिलियानी पुत्री और गुंग चिंटा की स्टाइलिश परफॉर्मेंस दर्शकों को खासा आकर्षित कर रही है। इस पार्टी ट्रैक को शंकर दास और सतीश त्रिपाठी ने अपनी आवाज दी है। गाने का म्यूज़िक और लिरिक्स भी सतीश त्रिपाठी ने तैयार किए हैं, जो इसे और अधिक प्रभावशाली बनाते हैं। जश्न की जुबान हूँ मैं को महाराजाह म्यूज़िक के बैनर तले रिलीज़ किया गया है। इंटरनेशनल लोकेशंस, शानदार विजुअल्स और कैची बीट्स के कारण यह गाना हर जश्न और पार्टी के लिए एक परफेक्ट ट्रैक बनकर उभर रहा है।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दिया शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन




निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षाद्ध उपशाखा सुजानगढ़ द्वारा शिक्षामंत्री राजस्थान सराकार को उपखण्ड अधिकारी, सुजानगढ़ के माध्यम से प्रदेश के समस्त शिक्षकों की व्यथा को प्रकट करते हुए एवं शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि शिक्षा मंत्री स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप कर शिक्षा व शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं पर ठोस कार्यवाही कर निर्देश प्रदान करें, ताकि अध्यापको को राहत मिल सके। ज्ञापन में मांग की गई है कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा टेट व रीट से मुक्त रखा जावे।

इसी प्रकार ग्रीष्मा अवकाश में की गई 10 दिनों की कटौती हटाई जाकर ग्रीष्मावकाश पूर्ववत 17 मई से 30 जून तक किया जावे। संस्थाप्रधान द्वारा घोषित साधिकार अवकाश में की एक दिन की कटौती वापस लिए जाने, शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी अध्यापको 7वर्षो से लम्बित सहित समस्त संवर्गो के स्थानान्तरण यथाशीघ्र किये जाने, शिक्षकों के सभी स्तर की लंबित पदोन्नतियां किए जाने, न्यायालय में लम्बित तृतीय वेतन श्रृंखला के शिक्षकों की पदौन्नति पर विधि एवं शिक्षा विभाग को त्वरित निस्तारण करवाने के निर्देश प्रदान करने, पदौन्नत प्रधानाचार्य एवं उप-प्रधानाचार्यों का पदस्थापन यथाशीघ्र किए जाने की मांगे की गई है।

इसी प्रकार सभी विद्यालयों में रिक्त पदों को तत्काल भरे जाने, शिक्षकों को समस्त गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त किए जाने, एसएनए के माध्यम से जारी होने वाले समस्त बजट सत्रारम्भ में ही जारी किये जाने की मांगे की गई है।

जनगणना कार्य में व्याख्याताओं राजेन्द्र शर्मा, रणजीत न्यौल, हनुमान दास, पवन कुमार मीणा, प्रेम लाटा, दलवीर सिंह, हेमन्त कुमार आदि कोद्ध प्रगणक लगाया गया हैए उन्हें सुपरवाईजर लगाने, दोनों पैरों से दिव्यांग सीताराम नाई की जनगणना ड्यूटी काटी जाने और जनसंख्या के अनुपात में गाँव में प्रगणक लगाने की माँग भी की गई है।

इस दौरान प्रदेश विभाग संगठन मंत्री रामेश्वर लाल खीचड, उपशाखा अध्यक्ष कमल जाखड़, मंत्री मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य केशरी सिंह, रामावतार शर्मा, महमूद हसन, रिंकू सोनी, पप्पूराम मीणा, धर्मसिंह मीणा, अंजू गुर्जर, रगिनी सोनी, मोनिका झूरिया शिवभगवान रोहिला, इकबाल खान, अशोक कुमार, अभिषेक चैधरी, जगदीश जाट, गोवर्धनलाल जान्दू, रंजन अत्रि, सुखाराम डुकिया, मानव भारती, कमल स्वामी, गौतम सिंह तंवर, नानूराम मेघवाल कुलदीप शर्मा, मनीष जाट, पूनम चन्द रेगर, नरेश कुमार, बसन्त चैधरी, गोविन्द राम प्रजापत, बजरंगलाल प्रजापत, पुरूषोतम कुमार, मुकेश कुमार, अनिल कुमार लाम्बा, अजय सैनिक, रामलाल कासौटिया, अब्दुल सत्तार पड़िहार, धनराज सिंगोदिया, जीवणदान, रामलाल मेघवाल, नरेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश मेघवाल, जयप्रकाश शर्मा, रामनिवास बाकोलिया सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में तीन की मौत, एक घायल

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नजदीकी छापर कस्बे में एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक छापर के पास ट्रक और पल्सर बाइक की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही बीदासर डीएसपी नेमीचंद और छापर थानाधिकारी इंद्रलाल शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत सुजानगढ़ के राजकीय बगड़िया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190